51 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) डांक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 24.4°c अधिकतम 30.4 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा
मो. 94127-10840
सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606
रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 5:21, सूर्यास्त : 7:22 | वर्ष : 51/ अंक : 176 | मंगलवार, 27 जून 2023 | आषाढ़, शुक्ल पक्ष, नवमी | सम्वत् 2080 | मूल्य 3 रुपये



**अमृतवाणी**

जिनका स्वभाव अच्छा होता है, उन्हें कभी प्रभाव दिखाने की आवश्यकता नहीं पड़ती।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

औरंगजेब के वर्तमान वंशज कोलकाता में रिक्शा चला रहे हैं : योगी आदित्यनाथ



ममता बनर्जी सरकार को इस बारे में सोचना चाहिए......

# परिवार के तीन मासूमों की डूबने से मौत

## ▸ खेलने निकले तीन भाइयों पर मौत का झपट्टा ▸ रसूलपुर दभेड़ी में ईंट भट्टे पर हुआ हादसा ▸ परिवार में मचा कोहराम, गांव में भारी शोक

**बुढ़ाना, 26 जून (बु.)।** गांव रसूलपुर दभेड़ी में तीन मासूम बच्चों की पानी में डूबने से मौत हो गई। घटना को लेकर परिजनों में चीख पुकार मच गई। पुलिस ने तीनों शवों का पोस्टमार्टम कराना चाहा, लेकिन परिजनों ने मना कर दिया। पूरे गांव में भारी शोक व्याप्त है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव रसूलपुर दभेड़ी निवासी मुहम्मद यूसुफ अली राणा के तीन पौत्र 10 वर्षीय अहसान पुत्र आरिफ और 8 वर्षीय असद व 6 वर्षीय फैसल पुत्रगण हुसैन राणा सोमवार की सुबह के समय बारिश के दौरान घर से खेलते हुए गांव के बाहर खतौली रोड पर स्थित ईंट के एक भट्टे पर आ गये। उनके साथ परिवार का ही 12 वर्षीय बच्चा फैजान भी था, तब तीनों बच्चे अहसान, असद और फैसल भट्टे की पथेर में बने गड्ढे में भरे पानी में उतरने लगे और नहाने लगे। देखते ही देखते तीनों बच्चे डुबकियां खाने लगे यह देख फैजान वहां से भागकर गांव में आ गया और उसने परिजनों को सारी घटना बताई, तो परिजन दौड़कर मौके पर पहुंचे और तीनों बच्चों को पानी से भरे गड्ढे से निकाला, लेकिन तब तक तीनों बच्चे दम तोड़ चुके थे। परिजनों ने मौके पर आए सैंकड़ों



ग्रामीणों की मदद से बच्चों को बुढ़ाना में स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर चिकित्सकों ने तीनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया। यह सुनकर परिजनों में चीख-पुकार मच गई। थोड़ी भी देर बाद उमरपुर पुलिस चौकी प्रभारी संजय यादव मय पुलिस बल के अस्पताल में आए और परिजनों को सांत्वना देते हुए तीनों मृतक बच्चों के शवों को पोस्टमार्टम हाउस भेजने की बात कही, लेकिन परिजनों ने किसी भी बच्चे का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया, तब पुलिस ने पंचनामा कर तीनों शवों को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। तीनों बच्चों को शाम के बाद गांव में ही हजारों ग्रामीणों की उपस्थिति में सुपुर्द ए खाक कर दिया गया। उधर घटना की सूचना मिलने पर बुढ़ाना ब्लाक के पूर्व प्रमुख विनोद मलिक और रालोद नेत्री अनुपमा चौधरी भी मृतक बच्चों के घर पर पहुंची और परिजनों को सांत्वना देकर हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।

## मेरठ रोड पर कांवड़ियों ने बाइक सवार युवक को पीटा, हंगामा

**मुजफ्फरनगर, 26 जून (बु.)।** लोहिया बाजार के पास मुख्य मार्ग पर कांवड़ियों द्वारा युवक को रोककर उसके द्वारा ले जाई जा रही बाइक को अपनी बताते हुए हंगामा और युवक की पिटाई किए जाने से माहौल गर्मा गया। सूचना पर पुलिस ने वहां पहुंच कर युवक को छुड़वाया और उसे कोतवाली ली गई। बाद में युवक को छोड़ दिया गया। बताया गया है कि सोमवार को दोपहर गाजियाबाद के निवासी कांवड़िए हरिद्वार से कांवड़ लेकर जा रहे थे। लोहिया बाजार के पास गली के पास बाइक से आ रहे एक युवक को रोक कर कांवड़ियों ने उसकी बाइक को अपनी बताते हुए बाइक के कागजात दिखाने के लिए कहा। युवक ने जब फोटो स्टेट कागजात दिखाए, जिन्हें कांवड़ियों ने फर्जी बताते हुए हंगामा शुरू कर दिया तथा युवक की पिटाई कर दी। हंगामे के बाद मीनाक्षी चौक पर तैनात पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और उन्होंने युवक को छुड़ाकर बाइक सहित कोतवाली ले गए। कांवड़िए भी आगे रवाना हो गए। बताया गया है कि सूजडू निवासी युवक की बाइक के कागजात जांच में सही पाए जाने के बाद उसे छोड़ दिया गया।



## विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

**मुजफ्फरनगर, 26 जून (बु.)।** शहर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला रामलीला टीला में एक विवाहिता संदिग्ध हालातों में फांसी पर झूलती हुई मिली। परिजन विवाहिता को फंदे से उतारकर उपचार के लिए जिला अस्पताल लाए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन शव को जिला अस्पताल से उठाकर ले गए। अस्पताल प्रशासन ने मामले की सूचना पुलिस को दी है, जिस पर पुलिस ने कार्यवाई शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों ने जानकरी देते हुए बताया कि शहर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला रामलीला टिल्ला निवासी 31 वर्षीया स्नेहा पत्नी अंशुल सैनी संदिग्ध हालातों में फांसी पर झूलती हुई मिली। परिजन उसे फंदे से उतारकर उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया, जिस समय अस्पतालकर्मी शव को शव गृह में रखने ले जा रहे थे, परिजन शव को अस्पताल से उठाकर ले गए। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पुलिस ने कार्यवाई शुरू कर दी है।

## युवक का शव मिलने से फैली सनसनी

**मुजफ्फरनगर, 26 जून (बु.)। बझेड़ी अंडरपास के पास एक युवक का शव पड़ा मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मृतक की पहचान कराने के प्रयास किए, लेकिन मृतक की पहचान नहीं हो सकी। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि बझेड़ी अंडरपास के निकट कुछ लोगों ने एक युवक का शव पड़े देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस में शव को कब्जे में लेकर मृतक की पहचान कराने के प्रयास किये, लेकिन मृतक की पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और पंचनामा भरकर परीक्षण के लिए भेज दिया। पुलिस मृतक की पहचान कराने के प्रयास कर रही है।**

## वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 50 हजार वसूले

**छपार, 26 जून (बु.)।** सड़क हादसे में मजदूर की मौत के मामले में कार चालक से वसूली करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ़्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित से नगदी बरामद कर पैसे लेने के दौरान इस्तेमाल की गई स्कूटी को भी कब्जे में लिया। रामपुर तिराहे पर गुरूवार को हुए एक्सीडेंट में बसेड़ा निवासी मनोज की मौत हो गई थी। कार चालक दिलखुश ने शव को चरथावल क्षेत्र में कुटेसरा नहर में फेंक दिया था। रविवार को पुलिस ने दिलखुश को उसके साथी उस्मान के साथ जेल भेज दिया था। दिलखुश ने पुलिस को बताया था कि घटना के दौरान एक स्कूटी सवार युवक ने घटना की वीडियो वायरल करने की बात कहकर पचास हजार रुपए वसूले थे। पुलिस ने वसूली करने वाले मौहम्मद शमशेर निवासी अमन कालोनी, बेहट रोड, थाना कोतवाली, सहारनपुर को देवबंद बरला मार्ग से स्कूटी व 49 हजार रुपए की नकदी सहित गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने दुर्घटना के समय वह मौके पर होने की बात स्वीकारी। बताया कि उसने ही घायल को कार की पिछली सीट पर बैठाया था। उसने कार का अस्पताल जाने के दौरान पीछा भी किया। चालक पर ड्राइविंग लाइसेंस नहीं होने तथा वीडियो के बहाने 50 हजार रुपए लेना भी कबूला।

## लुटेरों ने अवैध शस्त्रों के बल पर नवविवाहिता से लूटे जेवर

**बुढ़ाना, 26 जून (बु.)।** बाइक पर अपनी बहन को उसकी ससुराल से घर लेकर आ रहे एक युवक को शराब पीए हुए 3 लुटेरों ने रास्ते में रोककर मारपीट कर लाखों रुपए की कीमत के सोने चांदी के जेवरात लूट लिए। लुटेरों के हौंसले देखिये कि वे घटनास्थल पर ही बैठे रहे और उधर पीड़ित युवक ने अपने गांव में पहुंचकर शोर मचा दिया, तब सैंकड़ों ग्रामीणों ने घटनास्थल पर आकर दो लुटेरों को पकड़कर मारपीट कर एक मकान में बंद कर दिया, जबकि तीसरा लुटेरा सभी जेवरात लेकर जंगलों के रास्ते फरार हो गया और उसने अपने अन्य साथियों को घटना के बारे में बताया, तो उसके दर्जनों साथी ग्रामीणों के साथ मारपीट करते हुए दोनों लुटेरों को छुड़ाकर भाग गये। इस मामले में पुलिस को सूचना मिली, तो पुलिस ने लुटेरों की तलाश में उनके घरों पर दबिश दी, तो लुटेरे फरार हो गये।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर निवासी दलित समाज के मदन सिंह ने बताया कि उसकी भतीजी की शादी बीती 22 जून को शाहपुर थाना क्षेत्र के गांव चलसीना मानकपुर

**▸ ग्रामीणों ने 2 लुटेरों को बनाया बंधक तो छुड़ा ले गये साथी**

में हुई थी, तब उसका भतीजा कमल व एक अन्य दामाद दिनेश लाइनमैन निवासी बुढ़ाना उसकी भतीजी को लेने के लिए बाइक पर गये थे। पूरे दिन वहां पर कार्यक्रम चला। उसके बाद कमल अपनी बहन और अन्य जीजा दिनेश को लेकर देर रात के समय अपने घर सुल्तानपुर गांव में आ रहा था, जब तीनों बाइक पर गांव सुल्तानपुर के समीप आए, तो एक स्पलेंडर बाइक पर सवार तीन लोगों ने उनकी बाइक को ओवरटेक करते हुए अपनी बाइक उनकी बाइक के आगे अड़ा दी। तीनों युवक हाथ में छुरी, कुल्हाड़ी और अवैध तमंचा लिए हुए थे। लुटेरों ने अवैध शस्त्रों के बल पर नवविवाहिता से दोनों कानों की सोने की बालियां, सोने का टीका, सोने का हार, सोने का मंगलसूत्र, चांदी का हथफूल, चांदी की छोटी सी सेंपिल और चांदी की एक पाजेब लूट ली और इनको भगाकर लुटेरे वहीं बैठ गये। लुटेरे शराब पीए हुए थे, तब लुटे पिटे तीनों लोग अपने गांव सुल्तानपुर पहुंचे, तो उन्होंने अपने परिजनों को घटना की जानकारी दी तो सैंकड़ों ग्रामीण लाठी-डंडों से लैस होकर घटनास्थल पर आ गये और 2 लुटेरों को पकड़कर पीटते हुए गांव में ले जाकर सम्मन शेख के घेरे में बंद कर दिया। उधर एक लुटेरा लूटे हुए जेवरात लेकर गांव उमरपुर में अपने साथियों के पास आ गया और उनको पूरी घटना से अवगत कराया, तो साथी दोनों लुटेरों को छुड़ाने के उद्देश्य से गांव सुल्तानपुर में पहुंचे और दुस्साहस करते हुए ग्रामीणों के साथ मारपीट कर दोनो साथी लुटेरों को छुड़ाकर फरार हो गये। घटना की सूचना बुढ़ाना पुलिस को मिली, तो पुलिस में हड़कंप मच गया। पुलिस ने गांव सुल्तानपुर में जाकर पीड़ितों के बयान लेकर गांव उमरपुर में बीती देर रात और आज सोमवार की अल सुबह ताबड़तोड़ दबिश दी, लेकिन कोई भी लुटेरा पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ा। समाचार लिखे जाने तक लुटेरों का कुछ भी पता नहीं लग पाया था और पीड़ित द्वारा बुढ़ाना कोतवाली में लूट की घटना की तहरीर दे दी गई थी।

## बदमाशों ने दो मंदिरों को बनाया निशाना

### ▸ माँ शाकम्भरी देवी मंदिर के महंत को घायल कर लाखों की लूट
### ▸ दूसरे मंदिर में भी तोड़फोड़ कर नकदी व अन्य सामान चोरी

**मुजफ्फरनगर, 26 जून (बु.)।** फुगाना थाना क्षेत्र में अज्ञात बदमाशों ने बीती रात दो मंदिरों को अपा निशाना बनाया। बदमाश खरड़ स्थित मंदिर के महंत को घायल कर लाखों की नकदी लूट कर ले गए, वहीं दूसरे मंदिर में भी बदमाशों ने नकदी व अन्य सामान चोरी कर लिया।

थाना फुगाना क्षेत्र के गांव खरड़ में माँ शाकम्भरी देवी का मंदिर है। मंदिर के महंत मदन गिरि मंदिर परिसर में बने आवास में अपने कमरे में रहते है। देर रात अज्ञात बदमाश दीवार फांदकर मंदिर परिसर में घुस गए। वहां बरामदे में सो रहे महंत को बदमाशों ने दबोच लिया। बदमाशों ने महंत से कमरे व अलमारी की चाबियां मांगी। बदमाशों ने महंत का फोन छीन लिया। अलमारी व कमरे की चाबियां न देने तथा लूट का विरोध करने पर बदमाशों ने लाठी-डंडे व सरियों से महंत की पिटाई की। बदमाश महंत के कमरे का ताला तोड़कर कमरे में घुस गए। बदमाशों ने कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़कर लाखों रुपये की नकदी व कीमती सामान लूट लिया। जाते समय बदमाश महंत के हाथ पैर बांधकर कमरे में बंद कर कमरे की कुंडी बाहर से बंद कर फरार हो गए। बदमाशों ने फिर खरड़ गांव के प्राचीन शिव मंदिर को अपना निशाना बनाया। शिव मंदिर में कोई पुजारी नहीं मिला। बदमाश शिव मंदिर में



भी तोड़ फोड़ करके कीमती सामान उठाकर ले गए। घटना की सूचना प्रात: ग्रामीणों को मिली, तो घटना से गांव में सनसनी फैल गई। ग्राम प्रधान विकास मलिक अन्य ग्रामीणों के साथ मंदिर में पहुंचे। मंदिर के महंत को कमरा खोलकर बंधन मुक्त किया। घायल महंत ने बताया कि बदमाश तीन लाख रुपये की नकदी, माता के सोने के आभूषण तथा लाखों रुपये का चढ़ावा आदि लूटकर ले गए। घायल अवस्था में महंत को कस्बे की सीएचसी पर भर्ती करवाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद महंत को जिला चिकित्सालय रैफर किया गया। घटना की सूचना मंदिर के महंत ने फुगाना पुलिस को दी है। घटना की सूचना मिलते ही फुगाना सीओ देवव्रत वाजपेई पुलिसबल के साथ मंदिर परिसर में पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया। थानाध्यक्ष फुगाना जोगेंद्र सिंह ने बताया कि वे घटना की तहरीर लेने मंदिर आए थे। मंदिर के महंत चिकित्सालय में भर्ती है। घटना की तहरीर आने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।



## सर्कुलर रोड पर खुला....




## बहुमंजिला बैंकट हॉल....





फोटो बुलेटिन शहर के सर्कुलर रोड पर शुरू हुए स्वर्ण इन एण्ड सूट्स प्रीमियम बैंकट हॉल के इंटीरियर के भव्य दृश्य। इस दौरान यहां पर आये मेहमानों ने पूरे बैंकट हॉल का भ्रमण भी किया और इसकी भव्यता तथा सुविधाओं की सराहना भी की।

# राजसी ठाठ-बांट चाहिए तो चले आइये स्वर्ण इन

## ▶▶ अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित बैंकट हॉल के अलावा 40 कमरों का होटल और चार किट्टी पार्टी हॉल व फैमिली रेस्टोरेंट

**मुजफ्फरनगर, 26 जून (बु.)।** शहर की आबादी के बीच भव्य और यादगार क्षणों के लिए आधुनिक बैंकट हॉल और होटल का इंतजार अब खत्म हो गया है। सोमवार को सर्कुलर रोड पर स्वर्ण इन एण्ड सूट्स प्रीमियम बैंकट हॉल का शुभारंभ हो गया। बहुमंजिला इमारत के बेसमेंट में बनाया बैंकट हॉल आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। पूरी इमारत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'लोकल से वोकल' योजना से प्रेरित है। शादी या दूसरे पारिवारिक कार्यक्रमों को यादगार बनाने के लिए अब आपको शहर या जिले से बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी, क्योंकि राजसी ठाठ-बांट का इंतजाम चाहने वाले परिवारों के लिए अब अपने ही शहर में एक ऐसा बैंकट हॉल सेवा के लिए तैयार है, जो आपको किसी शाही महल में होने से कमतर अहसास नहीं करायेगा।

सर्कुलर रोड स्थित बहुप्रतीक्षित स्वर्ण इन एण्ड सूट्स प्रीमियम बैंकट हॉल की ओपनिंग सोमवार को हो गई। पूजा अर्चना के साथ इस स्वर्ण इन को सेवा के लिए खोल दिया गया। यहां पर आये सभी मेहमानों की आवभगत दिल खोलकर की गई। शहर के बड़े सर्राफ और स्वर्ण इन के ऑनर श्रवण कुमार गोयल और उनके पुत्र श्रेय गोयल ने सभी मेहमानों की गरमजोशी के साथ अगवानी की। श्रेय गोयल के साथ उनकी पत्नी प्रियांशी गोयल महिला अतिथियों का स्वागत करने में अग्रणी नजर आई।

स्वर्ण इन एण्ड सूट्स प्रीमियम बैंकट हॉल के ऑनर श्रेय गोयल ने बताया कि हमने यह सपना 15 साल पहले देखा था। शहर में सबसे बेस्ट और बेस्ट से बेस्ट होटल्स सर्विसेज की जरूरत थी, जो आज हमने कुछ हद तक पूरी करने का एक प्रयास मात्र किया है और हम आगे भी निरंतर ऐसी आवश्यकताओं के सहारे अपने जिले का नाम देश तक पहुंचाने का कार्य करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी जो सेवाएं इस होटल के रूप में जनता के लिए हैं, उनको लगातार हम अत्याधुनिक बनाने का प्रयास भी करेंगे।





मुजफ्फरनगर में शहर के बीच कोई भी ऐसी लोकेशन नहीं थी, जहां पर लोग पारिवारिक आयोजनों के लिए एक उच्च स्तरीय सुविधा का प्रबंध पा सकें, लोग दिल्ली, मेरठ तक दौड़ते थे, हमने 15 साल पहले एक सपना देखा, जिसमें शहर के पास ही लोगों को बड़े शहरों वाला कल्चर, सुविधा और व्यवस्था एक छत के नीचे देने का काम किया जा सके, आज हम सफल हुए हैं...
**श्रेय गोयल, ऑनर स्वर्ण इन**

श्रेय का कहना है कि जिले में एक अच्छा फक्शन अरेंज करने के लिए अच्छी लोकेशन और बड़े शहरों वाली व्यवस्था का स्थान यहां पर तलाशने के लिए लोगों को पहले बहुत दिक्कतें हुआ करती थीं। कुछ अच्छा चाहने वालों को अक्सर अपने पारिवारिक प्रोग्राम अरेंज करने के लिए जिले से बाहर जाना पड़ता था। परिवार के लोग शादियां करते थे, तो उनको मेरठ, गाजियाबाद और दिल्ली जैसे शहरों की ओर जाना पड़ता था। यहां पर कोई अच्छी व्यवस्था थी ना अच्छे खाने की उपलब्धता थी। इसी समस्या को देखते हुए हमने अपने जिले में शहर के पास ही एक अच्छा लोकेशन देने का सपना देखा जो स्वर्ण इन होटल के रूप में आज साकार हुआ है। उन्होंने बताया कि कोविड महामारी आने के बाद प्रोग्राम छोटे होने लगे हैं। पारिवारिक प्रोग्राम में मौसम का भी बड़ा खलल रहता था। ऐसे में इंदौर का कांसेप्ट आ गया है, इसी कांसेप्ट पर आधारित यह बैंकट हॉल हमने यहां पर बनाया है। पता नहीं लगता कब बारिश हो जाए, कब मौसम सर्द हो जाए, इसलिए हमने इस होटल में इंदौर की फैसिलिटी पर आधुनिक सुविधा रखी है। हमारे होटल में गर्मी में सर्दी और सर्दी में गर्मी का अहसास कराने के लिए नवीनतम तकनीक पर आधारित हॉट प्लांट भी लगाया गया है। उन्होंने अन्य सुविधाओं के बारे में बताया कि हमने यहां पर तीन रेस्टोरेंट बनाए हैं। होटल बार की सुविधा भी यहां पर मिलेगी, फैमिली रेस्टोरेंट बनाया है, उसके अंदर 4 किट्टी हाल हैं। शहर के नजदीक होने के कारण भी लोगों को इसका बहुत फायदा होने वाला है। इस रोड पर स्कूल-कॉलेजेस पड़ते हैं, यह ज्यादा कॉमर्शियल जगह है तो पार्किंग एरिया की कोई दिक्कत यहां पर नहीं होगी। उन्होंने कहा कि स्वर्ण इन में पूरी व्यवस्था लोकल आधारित है। इसमें कारीगर भी लोकल ही हैं, यहां की व्यवस्था में कोई भी चीज हमने बाहर से नहीं मंगाई है। लोकल होने के बावजूद भी हमने यहां पर लोगों को पूरी तरह से राजसी ठाठ बांट वाली सुविधा प्रदान करने का प्रबंध किया है। इस अवसर पर एमराल्ड क्लब के दीपक अरोरा, अनिल आहुजा, अजय ग्रोवर, बॉबी छाबड़ा, नीरज मुंजाल, टोनी खुराना, रवि अरोडा आदि पदाधिकारियों ने श्रेय गोयल से मिलकर उन्हें शुभकामनाएं दीं।

### इन्होंने कहा....



स्वर्ण इन के ऑनर श्रवण कुमार गोयल ने बताया कि हमने स्वर्ण इन एण्ड सूट्स प्रीमियम बैंकट हॉल बनाया है, जिससे कि शहर की सेवा कर सकें, जिससे कि हम शहर को अच्छी चीज दे सकें जो भी हमारे यहां गेस्ट आए, उन्हें बेहतर से बेहतर सुविधा दे सकें। अच्छी शादियां कर सकें और यहां ऐसी व्यवस्था हो कि एक बेहतर लोकेशन और व्यवस्था की इच्छा रखने वाले किसी भी परिवार को बाहर न जाना पड़े। परिवारों को शादी के लिए दिल्ली या फिर मेरठ ना भागना पड़े, ऐसे परिवारों को हमारे यहां सब कुछ मिल जाए।



**प्रियांशी गोयल....**

स्वर्ण इन के शुभारंभ पर श्रेय गोयल की पत्नी प्रियांशी गोयल ने बताया कि आज स्वर्ण इन में रहकर ऐसा बिल्कुल भी नहीं लग रहा है कि हम मुजफ्फरनगर जैसे छोटे शहर में हैं। ऐसी सुन्दर लोकेशन और व्यवस्था का इंतजाम पाने के लिए ही मुजफ्फरनगर से लोग पारिवारिक आयोजनों को बेहतर बनाने के लिए जिले से बाहर भागते थे, लेकिन अब सबको यही सब सुविधा हम स्वर्ण इन में देंगे और हम उम्मीद करते हैं कि इस सेवा को और सुन्दर बनाने के लिए यहां के लोग हमें सेवा का अवसर भी प्रदान करेंगे।



अजय ग्रोवर ने कहा कि मैं श्रवण कुमार गोयल, श्रेय गोयल और उनके पूरे परिवार को बहुत बहुत बधाई देता हूं कि उन्होंने इतना सुंदर मैरिज हॉल बनाया है जिसकी शहर को जरूरत भी थी। इसमें सुविधाएं और भवन तथा लोकेशन बहुत ही भव्य है। सब कुछ आलीशान है। फर्नीचर आदि जो है बहुत ही आकर्षित बनाया गया है। मुझे उम्मीद है कि ये शहर का एक सबसे बड़ा आकर्षित होटल बनेगा।



राज खुराना ने स्वर्ण इन के शुभारंभ के अवसर पर कहा कि श्रवण कुमार और श्रेय गोयल ने मुजफ्फरनगर शहर के पास स्वर्ण इन खोलकर साबित किया है कि हमारा जिला बड़े शहरों से कमतर नहीं है। मैं उनको बहुत बहुत शुभकामनाएं देता हूं। स्वर्ण इन में बहुत सुंदर सुविधा और व्यवस्था की गई है। यहां रहकर वाकई किसी लग्जरी शहर में होने का अनुभव हो रहा है।



अविनाश गुप्ता ने कहा कि जिले के प्रतिष्ठित गोयल परिवार ने आज यहां शहर के बीच ही स्वर्ण इन जैसे बैंकट हॉल का शुभारंभ कर इस जिले में रोजगार और कारोबार का एक नया रास्ता दिखाने का काम किया है। स्वर्ण इन बहुत ही बेहतरीन सोच को प्रदर्शित करता है, बहुत खूबसूरत है। इन्होंने शहर की एक बहुत बड़ी जरूरत पूरी की है। मैं इनको बहुत बहुत शुभकामनाएं देता हूं।

## ग्रेन चैम्बर पब्लिक स्कूल में समरइनोवेशन कैंप का समापन



**मुजफ्फरनगर, 26 जून (बु.)।** स्थानीय ग्रेन चैम्बर पब्लिक स्कूल में चल रहे 15 दिवसीय समर कैंप का आज समापन हो गया।

समर कैंप में प्रतिभागी छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास एवं प्रतिभा को निखारने हेतु अनेक क्रियाकलापों का आयोजन किया गया, जिसमें योगासन, प्राणायाम, एरोबिक्स, डांस, म्यूजिक, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, क्रिकेट, बिलियड्र्स, वालीबॉल, बास्केटबॉल, कोडिंग, जूडो, रोबोटिक्स, कर्सिव राइटिंग, मैथ्स क्लास रीजनिंग, पर्सनलिटी डेवलपमेंट, आर्ट और क्राफ्ट, कराटे, फायर लेस कुकिंग, स्विमिंग आदि को शामिल किया गया। समर कैंप में स्कूल के डायरेक्टर डॉ. एमके गुप्ता, कोर्डिनेटर आशीष कुमार त्यागी एवं हेड मिस्ट्रेस ममता चौहान का मार्गदर्शन और अभिभावकों का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। प्रधानाचार्य आजाद वीर ने कैंप की महत्ता पर प्रकाश डाला और बताया कि कैंप से बच्चों में नई ऊर्जा और उमंग का संचार होता है योग और प्राणायाम छात्र-छात्राओं को अपनी पढ़ाई पर ध्यान केन्द्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कैंप में उन्हें नया सीखने को मिलता है जो प्रेरणादायी है। समर कैंप को सफल बनाने में दिनेश कुमार, संदीप शर्मा, शीलू कुमार, अभिलाष, निशा तोमर, शशांक गोयल, सुनीता शर्मा, करिश्मा राठोर, नैना कुच्छल, लता गुप्ता, मीनाक्षी लूथरा, रविश मिश्रा, योगेन्द्र गौतम, शैली, ममता भटनागर, शालिनी, इशिका, नीरज अध्यापकों का योगदान रहा। प्रधानाचार्य ने सभी प्रतिभागी बच्चो के उज्जवल भविष्य की कामना की और सभी शिक्षकों एवं कोच का धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया।

## घर में कुत्ता घुसने को लेकर मारपीट में मुकदमा दर्ज

**भोपा, 26 जून (बु.)।** थाना ककरौली क्षेत्र के ग्राम खाईखेड़ा में रविवार की शाम मामूली बात को लेकर मारपीट हो गई थी तथा गांव में भगदड मच गई थी, जिसमें गांव निवासी अनवार ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि उसके घर मे पड़ौसी का पालतू कुत्ता घुस आया था। कुत्ते के मुंह में मरा हुआ पक्षी था, जिससे भारी बदबू आ रही थी। कुत्ते ने घर में घुसकर पक्षी को क्षत विक्षत करना शुरू कर दिया। जिससे खिन्न होकर कुत्ते के मालिक इसराईल से इसकी शिकायत की। जिसके बाद गुस्साए इसराई व खुशनसीब, गुलबहार, नौशाद ने गाली-गलौज करते हुए घर में घुसकर लाठी डंडों से मारपीट की। मारपीट में अनवार व उसकी पत्नी समरजहाँ घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी की। थानाध्यक्ष सुनील कसाना ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## देश को बर्बाद करती युवाओं में नशे की लत: डॉ. निर्वाल

### सीएचसी पर हुआ नशे से मुक्ति पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन




**भोपा, 26 जून (बु.)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर जिला मानसिक स्वास्थ्य इकाई के तत्वावधान में नशे से आजादी पखवाड़ा के तहत नशीले पदार्थो के दुरूपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर राष्ट्रीय दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों को नशे से दूर रहने की प्रतिज्ञा दिलाई गई। संगोष्ठी में जिला पंचायत अध्यक्ष डा. वीरपाल निर्वाल ने कहा कि युवाओं में नशे की प्रवत्ति बढ़ रही है, इसलिए माता-पिता को अपने बच्चों पर विशेष ध्यान देना चाहिए। संगोष्ठी में मुख्य संदर्भ व्यक्ति डा. आरडी गौड़ ने कहा कि अपने जीवन को स्वस्थ रखने के लिए नशे से दूर रहे। संगोष्ठी में प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार ने कहा कि नशे की लत से युवा अपराध करने लगता है, नशा कर वाहन चलाने से सड़क दुर्घटनाएं हो रही है। संगोष्ठी में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. प्रशांत कुमार ने कहा कि नई पीढ़ी नशे की लत की ज्यादा शिकार हो रही है। संगोष्ठी में मानसिक रोग विशेषज्ञ डा. अर्पण जैन ने कहा कि नशा मानसिक रोगों को बढ़ावा देता है। तंबाकू से कैंसर की बीमारी तो होती है बल्कि फेफड़े भी खराब हो जाते है। बीड़ी पीने से सांस दमा की बीमारी होती है। संगोष्ठी में प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. अर्जुन सिंह, डा. अनिल कौशिक, डा. मुकीम, अंशिका मलिक, कपिल आत्रेय, विजय कुमार, प्रदीप निर्वाल आदि मौजूद रहे। समापन पर ग्रामीणों को नशे से दूर रहने की प्रतिज्ञा दिलाई गई तथा साहित्य वितरण किया गया।

## नशामुक्त अभियान को लेकर दवा व्यापारियों में विचार मंथन

### नशे की यह बीमारी देश को जड़ों के भीतर से खोखला कर रही है: शाक्य

**मुजफ्फरनगर, 26 जून (बु.)।** जिला परिषद मार्किट के बीएसए कंपाउंड में सोमवार को नशामुक्त भारत अभियान अंतर्गत चलाए जा रहे जनजागरूकता अभियान के तहत जिला औषधि निरीक्षक पवन शाक्य की उपस्थिति में कैमिस्ट एसोसिएशन मुजफ्फरनगर के तत्वावधान में एक बैठक का आयोजन किया। बैठक में औषधि निरीक्षक पवन शाक्य ने कहा कि नशा एक ऐसी बीमारी है, जो देश की जड़ों को खोखला कर रही है। इसके प्रति हमें सावधान रहना चाहिए और जो ड्रग्स का नशा है वह सबसे खतरनाक माना गया है। उन्होंने आह्वान किया कि हमें अपने दवा व्यापार को अब बदनाम होने से बचाना चाहिए। ऐसे में दवाइयां बिल पर लें और बिल पर ही बेचने का काम करें।

कैमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल जीत सिंह ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि हर व्यक्ति अपने समाज को नशा मुक्त करने के जितने प्रयास कर सकता है उसे करने चाहिए। बैठक में एसोसिएशन संरक्षक योगेश मदान ने कहा कि ड्रग एक्ट के हिसाब से सभी व्यापारी काम करें ताकि हमारे व्यापार को बदनाम होने से बचाया जा सके। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री अक्षय मित्तल ने दिया। इस दौरान मुख्य रूप से चेयरमैन बिजेन्द्र शर्मा, रामवीर मलिक, अक्षय मित्तल, राजेश जुनेजा, आशीष अग्रवाल, हर्ष भाटिया, तरुण शिवाच, आशीष बिंदल, अमित कुमार, अमित शर्मा, प्रदीप अरोरा, मनोज कालरा, अरविंद गर्ग, पवन सिंघल, अनिल वर्मा, गुलशन छाबड़ा, अजय जैन, महेश कुमार, मनीष चड्ढा एवं मार्किट के अन्य व्यापारी उपस्थित रहे।

## एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स में सलाद सज्जा प्रतियोगिता

**मुजफ्फरनगर, 26 जून (बु.)।** एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स के सभागार में आज एक्टीविटी क्लब, एमएससी (फूड एण्ड न्यूट्रीशन), बीएससी (गृहविज्ञान) एवं आन्तरिक गुणवत्ता एवं सुनश्चयन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में सलाद सज्जा प्रतियोगिता का अयोजन किया गया।

प्रतियोगिता का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य डा. सचिन गोयल, डा. नवनीत वर्मा (डीन, स्टूडेंट वेलफेयर) व एक्टीविटी क्लब के सदस्य डा. मोनिका रूहेला, डा. नवेद अख्तर, मानसी अरोरा, गरिमा कंसल व अंजु कुमारी द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। प्रतियोगिता में वैष्णवी, दीपा, वाणी सिंघल, महक, आचंल, रिया गर्ग, शाजिया रहबर, विदुषी, आंचल रानी, अंजली, आयुषी, सायमा, मनीषा पाल, नीशा रानी, अदीबा, मोनी, शालु, सृष्टी व सफिया अंसारी आदि ने प्रतिभाग किया, जिसमें प्रतिभागी छात्राओं द्वारा सलाद को भिन्न-भिन्न तरीकों से काटकर व परोसने के नये-नये तरीकों से प्लेट में सजाया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर वैष्णवी व निशा रानी द्वितीय स्थान पर तथा तीसरे स्थान पर अदिबा व प्रथम सांत्वना पुरूस्कार विदुषी व अंजली तथा द्वितीय सांत्वना पुरूस्कार सायमा को मिला। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में गगन प्रीत कौर व मिस आशा रही एवं प्रतियोगिता का संचालन कुमारी पिंकी ने किया। डा. अपर्णा शर्मा ने बताया कि आहार में सलाद का एक महत्वपूर्ण योगदान है। साथ ही हमारे डायनिंग टेबल की सुन्दरता में चार चाँद लगाने के लिए सलाद सज्जा का एक बहुत बडा योगदान है। सलाद के द्वारा हमारे शरीर में विभिन्न पोषक तत्वों की पूर्ति की जा सकती हैं। प्राचार्य डा. सचिन गोयल ने सभी प्रतिभागियों तथा शिक्षकों का आभार व्यक्त किया और कहा कि सलाद के नियमित सेवन से हमारा स्वास्थ्य तथा शरीर की आंतरिक प्रणाली मजबूत होती है, सलाद के सेवन से पाचन शक्ति बढ़ती है। नियमित सेवन से हमें कैंसर, हृदय रोग, हीट स्ट्रोक एवं उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों से लड़ने की क्षमता मिलती है। प्रतियोगिता में डा. अनामिका, डा. अपर्णा शर्मा, नीतू शर्मा, अंजु कुमारी, शिवांगी वशिष्ठ, डा. आयशा जमाल, पिंकी व कृष्ण कुमार का सहयोग रहा।



## डीआईजी ने किया कांवड़ मार्ग का निरीक्षण




**मुजफ्फरनगर, 26 जून (बु.)।** पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर, परिक्षेत्र सहारनपुर द्वारा कांवड़ मार्ग का निरीक्षण कर तैयारियों का लिया जायजा तथा निरीक्षण उपरान्त नगर क्षेत्र में पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर, परिक्षेत्र सहारनपुर अजय साहनी द्वारा पुलिस अधिकारीगण के साथ थानाक्षेत्र नई मण्डी, सिविल लाइन व कोतवाली नगर में स्थित कांवड़ मार्ग का निरीक्षण कर कांवड़ यात्रा हेतु की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कांवड़ यात्रियों के लिए की जा रही सुरक्षा व्यवस्था तथा यातायात व्यवस्था, सड़क, शिविरों के संचालन, यातायात/रुट डायवर्जन के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी तथा सम्बन्धित को कांवड़ मार्ग पर नियमित गश्त करने, मुख्य स्थानों/मार्गो पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी करने, पुलिस मित्रों से आपसी समन्वय स्थापित करने, श्रद्धालुओं की मदद के लिए पीआरवी पुलिस बल का रिस्पांस टाइम न्यूनतम रखने, सड़क मरम्मत के लिए सम्बन्धित विभाग से समन्वय स्थापित करने, नियमित रुप से थानाक्षेत्रों में पीस कमेटी मीटिंग आयोजित करने सहित अन्य आवश्यक दिशा-निर्देशो से अवगत कराया गया।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत, पुलिस अधीक्षक यातायात कुलदीप सिंह, सहायक पुलिस अधीक्षक आयुष विक्रम सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर यतेन्द्र नागर मौजूद रहे।

## तारीख गवाह है

### आज का इतिहास

**56 वर्ष पूर्व विश्व का पहला एटीएम लंदन में स्थापित हुआ**



**नई दिल्ली, 26 जून (वार्ता)।** भारतीय एवं विश्व इतिहास में 27 जून की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैं:-1693: लंदन में महिलाओं की पहली पत्रिका लेडीज मरकरी का प्रकाशन शुरू हुआ। 1838: बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय का जन्म हुआ था, बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ही राष्ट्रगीत के रचयिता हैं। 1867: बैंक ऑफ कैलिफार्निया का संचालन शुरू। 1893: पंजाब के महाराज रणजीत सिंह का निधन। महाराजा रणजीत सिक्ख साम्राज्य के संस्थापक थे। 1914: अमेरिका ने इथियोपिया के साथ वाणिज्य संधि पर हस्ताक्षर किए गए। 1940: रोमानिया पर सोवियत सेना ने हमला किया। 1957: ब्रिटेन की मेडिकल रिसर्च काउंसिल ने 25 वर्ष के रिसर्च के आधार पर एक रिपोर्ट जारी की थी। रिपोर्ट में बताया गया था कि धूम्रपान के कारण फेफड़ों का कैंसर होने का खतरा रहता है। 1964: भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का संग्रहालय तीन मूर्ति भवन को बनाया गया। 1967: विश्व का पहला एटीएम लंदन के एनफील्ड में स्थापित किया गया। 1967: भारत में निर्मित प्रथम यात्री विमान एसएच 748 को इंडियन एयरलाइंस को सौंपा। 1991: युगोस्लाविया की सेना ने स्लोवेनिया पर हमला किया था। इस छोटे से देश को स्वतंत्र हुए मात्र 48 घंटे का ही समय बीता था। 2002: जी-8 देश परमाणु हथियार नष्ट करने की रूसी योजना पर सहमत हुआ। 2003: समलैंगिकता पर अमेरिका में प्रतिबंध रद्द हुआ। 2005: ब्रिटेन ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की वीटो रहित स्थायी सदस्यता का समर्थन किया। 2008: बिल गेट्स ने अपने माइक्रोसॉफ्ट कारपोरेशन चेयरमैन पद से इस्तीफा दिया। 2008: भारत-पाकिस्तान ने ईरानी गैस पाइप लाइन परियोजना के लिए आ रही बाधाओं को दूर किया।

### सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 26 जून, (बु.)।** सोना-चांदी के भाव इस प्रकार रहे:-

| | |
|---|---|
| सोना- 60,300 | चांदी-70,000 |
| सिक्का- 850 | गिन्नी- 46,000 |

### आपका आज का राशिफल

**मंगलवार, 27 जून, 2023**

मेष- दिन शुभ, आकस्मिक लाभ का सुयोग, मनोविनोद के सुअवसर प्राप्त, बुद्धि का विकास, व्यक्तिगत समस्याओं में कमी, व्यावसायिक क्षेत्र में अनुकूलता।
वृषभ- व्यापारिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण सफलता, धन सम्पत्ति विषयक मसला सुलझने की ओर, आय के नवीन स्त्रोत उपस्थित, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, कार्य क्षमता में वृद्धि।
मिथुन- किसी योजना को लेकर परेशान, शारीरिक मानसिक कष्ट, वैवाहिक अड़चनें, उत्पन्न, मित्रों-परिजनों से तनाव की स्थिति, अपेक्षित सहयोग का अभाव।
कर्क- परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, परिवार में मंगल आयोजन सम्पन्न, समस्या का समाधान, महत्वपूर्ण उपलब्धि, शत्रु परास्त, नौकरी में प्रोन्नति, मनोबल में वृद्धि।
सिंह- प्रगति का सुयोग, सामाजिक कृत्यों की ओर अभिरुचि, मौजमस्ती के निमित्त व्यय, धनसम्पत्ति विषयक मसला हल, सम्बन्धों में अनुकूलता।
कन्या- विचाराधीन योजना को मूर्तरूप में परिणित, नवसम्पर्क, भौतिक सुख के साधन सुलभ, पारिवारिक हर्षोल्लास, संभावित यात्रा संतोषजनक।
तुला- व्यावसायिक चिन्ता, पारिवारिक उत्तरदायित्व को निभाने हेतु व्यय, प्रियजनों से मतभेद, व्यर्थ भ्रमण, मेल-मिलाप में अरुचि, बौद्धिक क्षमता कमी का अहसास।
वृश्चिक- ग्रहस्थिति भाग्य के पक्ष में, व्यक्तिगत समस्या का समाधान, कर्ज की निवृत्ति का प्रयास सार्थक, मनोविनोद के सुअवसर प्राप्त, धर्म-अध्यात्म के प्रति आस्था।
धनु- व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, अधूरे कार्य बनने की ओर, इच्छित योजना का सुपरिणाम प्राप्त, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, दर्शनीय स्थलों की यात्रा का प्रसंग।
मकर- अभीष्ट सिद्धि का प्रयास सार्थक, स्वजनों से अपेक्षित सहयोग, शिक्षा एवं प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता, परिवार में खुशी।
कुम्भ- कार्यों के प्रति असंतोष, व्यावसायिक हानि, परेशानियों के कारण स्वयं की प्रतिभा कुंठित, आपसी तालमेल का अभाव, जीवन साथी से मतभेद, धन लाभ में कमी।
मीन- दिनमान अनुकूल, प्रियजनों के माध्यम से कार्यसिद्धि, बकाए धन की प्राप्ति, व्यक्तित्व का विकास, सुसंदेश की प्राप्ति, संत-समागम।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द्र शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
उप सम्पादक - श्रीमती पूजा दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2023

सम्पादक की क़लम से

# ओबामा और निर्मला सीतारमण

राजनीतिज्ञों के वक्तव्य कभी-कभी बड़े महत्वपूर्ण होते हैं और कभी-कभी व्यर्थ होते हैं, कभी-कभी मात्र कटाक्ष होते हैं। राजनीतिज्ञों के वक्तव्य कभी-कभी उन्हें न्यायालय से दण्ड भी दिलवा देते हैं। आजकल विभिन्न राजनैतिक दलों से जुड़े लोग न्यूज चैनलों पर बहस करते हुए दिखाई देते हैं। आजकल बहस का स्तर भी गिरा हुआ है। चीख-चीख कर बहस करना तो आम बात है अब मारपीट भी दिखाई देने लगी है। बिहार में हुई विपक्षी दलों की बैठक पर कई नेताओं के वक्तव्य सामने आ रहे हैं। इस समय बराक ओबामा और निर्मला सीतारमण के वक्तव्य चर्चा में हैं। बराक ओबामा को अमेरिका में अमेरिकीयों से भी जवाब मिल गया है और निर्मला सीतारमण ने भी दे दिया है। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी जब 20 जून को पहले स्टेट विजिट पर अमेरिका पहुँचे थे तो बाइडन प्रशासन ने उनके स्वागत में कोई कसर नहीं छोड़ी थी, लेकिन इसी दौरान अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने मोदी सरकार पर बहुसंख्यकवाद की राजनीति करने के लग रहे आरोप को लेकर जो टिप्पणी की उसकी चर्चा गर्म हो गई। मोदी के अमेरिका पहुँचने पर वहाँ के कई सांसद और मानवाधिकार समूह भारत में मानवाधिकारों के कथित उल्लंघन और प्रेस की आजादी पर हमले को लेकर पहले ही से सवाल उठा रहे थे। लेकिन ओबामा की टिप्पणी के बाद इन सवालों को और तवज्जो मिलने लगी थी। इसके बाद जब पीएम मोदी पिछले हफ़्ते व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति बाइडन के साथ बैठक के बाद संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में सामने आए तो अमेरिकी अखबार वॉल स्ट्रीट जर्नल की एक पत्रकार ने भारत में मानवाधिकार और अल्पसंख्यकों से जुड़े मुद्दों पर सवाल पूछ लिया। पीएम मोदी ने इस सवाल के जवाब में कहा था कि भारत के डीएनए में लोकतंत्र है। अपनी टिप्पणी के कारण ओबामा और पीएम मोदी से सवाल पूछने वाली पत्रकार सबरीना सिद्दीकी भारत में बीजेपी समर्थकों के निशाने पर आ गए। ओबामा को लेकर पहले बीजेपी शासित असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने एक ट्वीट किया। इस ट्वीट को इस्लामोफोबिया के रूप में देखा गया और अब भारत की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी ओबामा को निशाने पर लिया है। अमेरिका की पत्रकार क्रिस्टियान अमानपोर ने ओबामा से पूछा था, राष्ट्रपति बाइडन ने डिफेन्सिव डेमोक्रेसी को अपने प्रशासन का केंद्र बनाया हुआ है और ये वो वक़्त है, जब दुनिया में लोकतंत्र खतरे में है, इसे तानाशाहों और तानाशाही से चुनौती मिल रही है, अनुदार लोकतंत्रों से भी इसे चुनौती मिल रही है, बाइडन चीनी राष्ट्रपति को तानाशाह कहते हैं। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने एक इंटरव्यू में कहा था, हिंदू बहुसंख्यक भारत में मुस्लिम अल्पसंख्यकों की सुरक्षा की बात करना अहम है। अगर मेरी मोदी से बात होती तो मेरा तर्क होता कि अगर आप अल्पसंख्यकों के अधिकारों की सुरक्षा नहीं करते हैं तो मुमकिन है कि भविष्य में भारत में विभाजन बढ़े। ये भारत के हितों के उलट होगा। असम के मुख्यमंत्री ने बराक ओबामा पर निशाना साधते हुए कहा भारत में भी कई हुसैन ओबामा हैं। वॉशिंगटन जाने से पहले हमें उन पर गौर करने की जरूरत है। असम पुलिस अपनी प्राथमिकता के हिसाब से काम करेगी। सरमा के इस बयान की चर्चा सोशल मीडिया से लेकर अमेरिकी मीडिया तक में है। अब इसी क्रम में निर्मला सीतारमण ने भी प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बराक ओबामा पर सवाल उठाए,सीतारमण ने कहा, अमेरिका से हम अच्छी दोस्ती चाहते हैं। मगर उनकी तरफ से धार्मिक सहिष्णुता पर बयान आ जाते हैं। पूर्व राष्ट्रपति जी कुछ बातें बोल रहे हैं। जहां छह मुस्लिम बहुल आबादी देशों के खिलाफ उनके शासन में बमबारी हुई। सीरिया, यमन, सऊदी, इराक मेरे पास स्पष्ट आंकड़ा नहीं है, पर सात देशों के खिलाफ युद्ध जैसे हालात बने 26 हजार से ज्यादा बम गिराए गए, ऐसे लोग जब ऐसी बातें करेंगे तो उनका भरोसा कौन करेगा। अमेरिकी न्यूज चैनल सीएनएन ने भी मोदी के दौरे का व्यापक रूप से करवेज किया था। सीएनएन ने अपनी रिपोर्ट में लिखा था, मोदी की लोकप्रियता भारत में जबर्दस्त है लेकिन अधिनायकवाद की तरफ उनका झुकाव पश्चिम को चिंतित करता है। उन्होंने असहमति को नकार दिया है, पत्रकारों को निशाने पर लिया है। सीएनएन ने लिखा है,भारत को दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र कहा जाता है और एशिया में बाइडन की रणनीति में भारत अहम किरदार बनकर उभरा है। भारत ने हाल ही में आबादी के मामले में चीन को पीछे छोड़ दिया है। बाइडन का मानना है कि जलवायु परिवर्तन जैसी वैश्विक समस्या का निदान भारत को साथ लिए बिना संभव नहीं है। पीएम मोदी ने अमेरिका में कहा था, भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों में धर्म, जाति, उम्र या भू-भाग के आधार पर कोई भेदभाव नहीं है। हमारी सरकार लोकतंत्र के मूल्यों के आधार पर बने संविधान के आधार पर चलती है तो पक्षपात का कोई सवाल ही नहीं उठता है। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव की रेस में शामिल रहे अमेरिकी डेमोक्रेट नेता बर्नी सेंडर्स ने भी ट्वीट करके लिखा था कि पीएम मोदी के साथ बैठक के दौरान राष्ट्रपति बाइडन को धार्मिक अल्पसंख्यकों के बारे में बात करनी चाहिए। उन्होंने कहा था, प्रधानमन्त्री मोदी की सरकार ने प्रेस और सिविल सोसाइटी पर कड़ा प्रहार किया है, राजनीतिक विरोधियों को जेल में डाल दिया है। बर्नी सेंडर्स को अमेरिका ही से जवाब भी मिल गया वहीं के एक सांसद ने ट्वीट किया था कि यह सरासर गलत है कि मोदी ने राजनैतिक विरोधियों को जेल में डाल दिया है अगर मोदी तानाशाह होते तो कई राज्यों की सरकारों को बर्खास्त किया जा चुका होता। बराक ओबामा की टिप्पणी पर अमेरिका ही के जॉनी मूर ने कहा है कि भारत मानव इतिहास में सबसे विविधता वाला देश है और अमेरिका को दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की तारीफ करनी चाहिए। उन्होने कहा, मुझे लगता है कि पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा को भारत की आलोचना करने से ज्यादा भारत की प्रशंसा करने में अपनी ऊर्जा खर्च करनी चाहिए। भारत मानव इतिहास में सबसे विविधतापूर्ण देश है। इसकी विविधता ही इसकी ताकत है। उन्होंने आगे कहा, यहां तक कि अपनी आलोचना में भी पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ओबामा प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी की सराहना करने से खुद को नहीं रोक सके।

## चार तीर

-सुनील 'उत्सव'

"पापी" "लोभी" "पेंशन" "दुनिया"

सरकारी पैसे के भक्षक, पापी, लोभी, रिश्वतखोर,
विधवा पेंशन खाने वाले, पहले भी थे अब भी हैं।
दिल्ली चाहे कोई आए, कोई आए यूपी में,
इस दुनिया में मन के काले, पहले भी थे अब भी हैं।

# डीएस पब्लिक स्कूल में गणित विषय की कार्यशाला आयोजित

**-सीबीएसई बोर्ड रिसोर्स पर्सन डॉ. चावला ने दिए जरुरी टिप्स**





**मुजफ्फरनगर, 26 जून (बु.)।** डीएस पब्लिक स्कूल में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से दो दिवसीय गणित विषय पर आधारित कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम प्रारंभ हुआ। कार्यशाला में बोर्ड के रिसोर्स पर्सन डॉ. राहुल चावला ने सीबीएसई द्वारा मान्यता प्राप्त जिले के विभिन्न स्कूलों से आए गणित शिक्षक-शिक्षिकाओं को गणित विषय को सिखाने व सीखने के टिप्स दिए। इससे पूर्व स्कूल प्रधानाचार्य गगन शर्मा ने रिसोर्स पर्सन डॉ. चावला का बुके देकर स्वागत किया। इस बीच स्कूल कोऑर्डिनेटर संदीप दीक्षित ने विभिन्न स्कूलों से आए शिक्षक शिक्षिकाओं का स्वागत किया। रिसोर्स पर्सन डॉ.राहुल चावला ने कार्यशाला के प्रथम दिन गणित अध्यापकों को कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम गणित कार्यशाला के उद्देश्य, इसकी जरुरत तथा महत्व के विषय में समझाया। डॉ. राहुल ने सरल भाषा में विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों द्वारा गणित शिक्षकों को इस विषय को सीखने सिखाने की विधियां भी समझायी। उन्होंने कहा कि हमें स्वयं को विद्यार्थियों की आवश्यकतानुसार परिवर्तित करने की जरुरत है। शिक्षक को कक्ष में विद्यार्थियों की व्यक्तिगत विभिन्नताओं को ध्यान में रखकर अपनी टीचिंग स्ट्रेटजी भी बनानी चाहिए। उन्होंने बच्चों के सीखने की क्षमता के सापेक्ष शिक्षकों को ध्यान रखने के साथ उचित पाठ योजना बनाते हुए पूर्ण तैयारी के साथ कक्षा में जाने का सुझाव दिया। रिसोर्स पर्सन डॉ. राहुल चावला ने शिक्षक-शिक्षिकाओं को समझाया कि विद्यार्थियों को गणित के मूलभूत तथ्यों से भली भांति परिचित कराने की जरुरत पर बल दिया। उन्होंने कहा कि हमें विद्यार्थियों के अंदर रटने के बजाय चीजों को समझने की प्रवृत्ति पैदा करने के साथ शिक्षण कार्य में आधुनिक तकनीक का यथासंभव प्रयोग करने को कहा। उन्होंने शिक्षक-शिक्षिकाओं को मल्टीपल इंटेलिजेंस का कॉन्सेप्ट समझाते हुए कहा कि व्यक्तिगत विभिन्नताओं को ध्यान में रखते हुए हमें शैक्षिक स्ट्रेटजी बनानी चाहिए। वहीं सक्रिय गतिविधियों द्वारा ज्योमेट्री, त्रिकोणमिति, अलजेब्रा, कोऑर्डिनेट ज्योमेट्री, नंबर सिस्टम, प्रोबेबिलिटी तथा स्टैटिसटिक्स से संबंधित कक्षा में बच्चों को प्रकरण को समझने में आने वाली कठिनाइयां पर चर्चा कर, उनके समाधान भी सुझाए। सीबीएसई बोर्ड की कार्यशाला में होस्ट डीएस पब्लिक स्कूल के अलावा मुख्य रूप से शारदेन पब्लिक स्कूल, जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल, एसडी पब्लिक स्कूल, एमजी पब्लिक स्कूल, गोल्डन पब्लिक स्कूल, जीसी पब्लिक स्कूल, श्री चैतन्य पब्लिक स्कूल, आर्य अकेडमी पब्लिक स्कूल, एसएफ डीएवी पब्लिक स्कूल मुजफ्फरनगर के अलावा एस डीएस पब्लिक स्कूल तितावी, शाश्वत पब्लिक स्कूल सिसौली, बलवंती देवी पब्लिक स्कूल बिटावदा बुढ़ाना, गोल्डन बेल्स पब्लिक स्कूल ढिंडावली, गोल्डन हार्ट अकैडमी खतौली, डीएवी पब्लिक स्कूल बुढ़ाना आदि विद्यालयों के शिक्षक- शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया।





# बिना मानक शिविरों को इजाजत नहीं मिलेगी

**-कांवड़ मार्ग पर साफ-सफाई व सड़को की व्यवस्था दुरूस्त करने के डीएम ने दिये निर्देश**

**मुजफ्फरनगर, 26 जून (बु.)।** कांवड़ यात्रा में शिविरों को बिना मानकों को पूरा किए लगाने की इजाजत नहीं होगी। जिलाधिकारी अरविन्द मल्लप्पा बंगारी ने जिला पंचायत सभागार में आज संबंधित विभागों के अधिकारियों व शिविर संचालको एवं सेवादरों व ग्राम प्रधानों के साथ कावड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराए जाने के संबंध में बैठक कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कांवड़ मार्ग पर साफ सफाई की पर्याप्त व्यवस्था हो जिन स्थानों पर सड़क टूट-फूट है उन्हें तत्काल ठीक कराए जाने के लिए अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी को निर्देश दिए। साफ सफाई के निर्देश नगर पंचायत, नगर पालिका और डीपीआरओ को दिए। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि कांवड़ मार्ग में किसी भी स्थान पर गूलर का पेड़ की टहनी अगर मार्ग पर आ रह हैं तो उन्हें तत्काल साफ करा दिया जाए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कांवड़ मार्ग पर लाइटों की पर्याप्त व्यवस्था हो जगह-जगह साइन बोर्ड लगे हो और कावड़ मार्ग के सभी हैंडपंप सुचारु रुप से संचालित रहें। जिन स्थानों पर शिविर लगाए जाएं उनके पास पानी का टैंक, टॉयलेट की व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था, हेल्पलाइन नंबर डिस्प्ले हो। उन्होंने कहा कि सेवा शिविर कावड़ मार्ग पर ही एक तरफ बनाए जाएंगे जिसकी अनुमति संबंधित एसडीएम द्वारा मानक के अनुरूप दी जाएगी। किसी भी बिजली के खंबे के पास शिविर लगाए जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी तथा खाद सुरक्षा विभाग का सर्टिफिकेट अवश्य हो। शिविर में काम करने वाले व्यक्तियों का पुलिस सत्यापन हो शिविर के पास टॉयलेट की व्यवस्था डस्टबिन की व्यवस्था आदि व्यवस्था होनी चाहिए तथा शिविर में किसी भी प्रकार के प्लास्टिक का उपयोग किया गया तो संबंधित विरुद्ध के कडी कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग को निर्देश दिए कि जिन स्थानों पर जर्जर तार, जर्जर पोल है उन्हें तत्काल परिवर्तित किया जाए और जमीन पर रखे ट्रांसफार्मर की बैरिकेडिंग की जाए। कांवड़ मार्ग पर पड़ने वाले पोल पर पन्नी लगाकर इन्कैपुलेशन किया जाए। खाद सुरक्षा विभाग को निर्देश दिए कि प्रत्येक दुकान पर रेट लिस्ट लगी हो, रेट लिस्ट का निर्धारण करें शिविरों पर वृहद स्तर पर चेकिंग की जाए किसी भी मीट की दुकान को खोलने की अनुमति नहीं दी जाए कावड़ मार्ग पर पढ़ने वाली समस्त शराब की व मीट की दुकान पूर्णत बंद रहेंगी। कांवड़ मार्ग पर पड़ने वाले सभी सीसीटीवी कैमरे सुचारु रुप से संचालित रहे। जिलाधिकारी ने कांवड मार्ग पर आने वाले ग्राम प्रधानों से मार्ग पर समुचित व्यवस्था किये जाने का अनुरोध किया।

उन्होनें कहा कि किसी भी दशा में खुले मे शौच का विशेष ध्यान रखा जायें कोई भी खुले मे शौच न करें तथा किसी भी कांवड यात्री को कोई समस्या उत्पन्न न हो यह हम सभी का दायित्व बनता है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत, अपर जिलाधिकारी प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह, नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप, ग्राम प्रधान एवं शिविर संचालक सहित जनपद स्तरीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# चेयरमैन ने जाना पालिका का हाल, व्यवस्था में सुधार के निर्देश

**मुजफ्फरनगर, 26 जून (बु.)।** पालिका चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप ने लंबे समय से बेपटरी नगर पालिका की व्यवस्थाओं को सुधारने की दिशा में शुरू कवायदों के बीच के पालिका कार्यालयों और वाहन गैराज का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने हाजिरी रजिस्टर में अस्पष्ट हस्ताक्षर देख कर नाराजगी जताते हुए भविष्य में फाइल में होने वाले हस्ताक्षर की तरह के हस्ताक्षर करने को सभी अधिकारी-कर्मचारियों को कहा। वहीं निरीक्षण के दौरान गैराज में खड़े खराब वाहनों को देखकर उन्हें ठीक कराने के लिए निर्देश दिए। सोमवार को पालिका चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप ने नगर पालिका में विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कर्मचारियों के उपस्थिति पंजिका में अस्पष्ट हस्ताक्षर देखकर कड़ी नाराजगी जताई। पत्रावलियों और अन्य प्रपत्रों में दूसरे हस्ताक्षर किए जाने को लेकर उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में सभी ठीक प्रकार से हस्ताक्षर नहीं पाए गए, तो ऐसे में उनकी अनुपस्थिति अंकित कर दिए जाने के साथ ही नियमानुसार विभागीय कार्रवाई होगी। इस बीच उन्होंने पालिका पटल पर फाइलों के लंबित रहने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि किसी भी पटल पर 3 दिन से अधिक फाइल नहीं रुकनी चाहिए। भविष्य में तीन दिन से अधिक फाइल रुकी तो संबंधित कर्मचारी पर कार्रवाई होगी। वहीं उन्होंने जन्म-मृत्यु पटल के साथ कर निर्धारण पटल पर शासन तय समय में निस्तारण करने के निर्देश दिए। वाहन गैराज निरीक्षण के दौरान चेयरमैन ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी को कहा कि पालिका में जितने वाहन हैं, उनका भविष्य में रखरखाव ठीक ढंग से होना चाहिए और जो वाहन खराब हो गए हैं, उनकी मरम्मत कराने के साथ संचालित किए जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि वाहन पालिका प्रांगण में खड़े नहीं मिलने चाहिए।

वहीं उन्होंने पालिका ईओ हेमराज को निर्देश दिए कि वार्ड सभासद के माध्यम से आने वाली सफाई, निर्माण, पथ प्रकाश एवं जलापूर्ति आदि कि शिकायतों का निदान कराकर सभासद को भी अवगत कराया जाए। निरीक्षण के दौरान प्रभारी कार्यालय अधीक्षक ओम वीर सिंह, राजेश्वर शर्मा, तनवीर आलम, गोपी चन्द वर्मा, मैनपाल सिंह आदि मौजूद रहे।



# उद्योग व्यापार मंडल ने सौंपा डीएम को ज्ञापन

**मुजफ्फरनगर, 26 जून (बु.)।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की जिला इकाई ने डीएम कार्यालय पहुंच इतिहास के पन्नों में स्वर्ण अक्षरों में दानवीर के रूप में अंकित भामाशाह का इस बार जन्म दिन मनाए जाने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। व्यापार मंडल के बैनर तले पूर्व विधायक व संगठन के जिलाध्यक्ष अशोक कंसल के नेतृत्व में डीएम से मिले व्यापारियों ने भामाशाह के जन्म दिन को व्यापारी दिवस के रूप में मनाए जाने की मांग की। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने डीएम अरविन्द मल्लप्पा बंगारी को सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि भामाशाह जो कि बड़े त्यागी व दानवीर थे और उनका नाम इतिहास के पन्नों में दर्ज है जिन्होंने महाराणा प्रताप को राष्ट्र की रक्षा के लिए अपनी सारी जमा पूंजी दान कर दी थी। यही नहीं भामाशाह जी के दान वीरता के किस्से व्यापारी समाज को सदैव प्रेरित करते हैं। व्यापारी समाज सदैव से उन्हें सेठ, साहू जी व भामाशाह के रूप में जाना जा रहा है तथा उसी रूप में अपनी भूमिका का निर्वहन करते हुए सदैव स्वदेश व संस्कृति की रक्षा व जरूरतमंदों की सेवा के लिए तत्पर है। उन्होंने डीएम से मांग की कि भामाशाह के जन्म दिवस को व्यापारी दिवस के रूप में मनाया जाना चाहिए। डीएम ने इस बीच व्यापारियों को आश्वस्त किया कि वे ज्ञापन को मुख्यमंत्री तक पहुंचा कर भामाशाह के जन्म दिन को व्यापारी दिवस के रूप में मनाने के लिए पूरा प्रयास करेंगे। इस दौरान श्याम सिंह सैनी, अजय सिंघल, प्रवीण खेड़ा, विजय वर्मा, संजय मित्तल, राकेश गर्ग, दिनेश बंसल, सुनील तायल, सुलक्खन सिंह नामधारी, बाबूराम मलिक, अजय गुप्ता, अलका शर्मा, अनिल तायल, अमित मित्तल, पंकज, मनोज, विकास अग्रवाल, अनिल धमीजा, दीपक गोयल, शोभित सिंघल, आशीष गोयल, हिमांशु कौशिक सभासद, शोभित गुप्ता, हर्षवर्धन बंसल, पूनम चौधरी, पंकज गोयल आदि मौजूद रहे।

# कांवड़ यात्रा मेले में 46 बसों की रोडवेज डिपो ने की व्यवस्था

**-दिल्ली से ऋषिकेश-हरिद्वार में 16 व अन्य मार्गों पर दौड़ेगी 30 रोडवेज बसें**




**मुजफ्फरनगर, 26 जून (बु.)।** वेस्ट यूपी की ऐतिहासिक कांवड़ यात्रा मेले की सफलता को लेकर जनपद में शुरू तैयारी के बीच यूपी रोडवेज परिवहन निगम ने गंतव्य की ओर जाने वाले कांवड़ियों की सुविधा के लिए अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया हैं। इस कड़ी में रोडवेज बसों की दुरुस्त किए जाने के साथ बसों के इस बीच में अतिरिक्त फेरे बढ़ाए जाने को रूट मैप तैयार किया है, ताकि अनावश्यक परेशानी से बचने के साथ शिवभक्तों को सुविधा के साथ यात्रा के दौरान बेहतर राहत दिलाई जा सके। वेस्ट यूपी की इस कावंड़ यात्रा की सफलता की खातिर जहां एक ओर शासन के निर्देशों के बीच अधिकारियों ने जनपद को जोन व सैक्टरों में विभाजित कर अधिकारियों को जिम्मेदारी दी है। वहीं मुजफ्फरनगर रोडवेज डिपो ने जनपद से होकर गुजरने वाली इस कांवड़ यात्रा मेले की सफलता के लिए मुजफ्फरनगर से हरिद्वार के लिए संचालित होने वाली रोडवेज बसों के संचालन में 46 रोडवेज बसों को इस रूट पर उतारने के साथ बसों पर तैनात कर्मियों को शिवभक्त कांवड़ियों की सुविधा के लिए जरुरी निर्देश जारी किए हैं। साथ ही जल्द शुरू होने वाली कांवड़ यात्रा में हरिद्वार मार्ग के लिए अतिरिक्त बसों की व्यवस्था की जा रही है। हरिद्वार आने जाने के लिए मुजफ्फरनगर शिवभक्त कांवड़ियों के लिए मुख्य स्थान है, जहां से मध्य प्रदेश समेत दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा और अन्य पवित्र स्थलों की ओर भोले के भक्त गंतव्य की ओर अलग होते हैं। मुजफ्फरनगर से ही कई लाख कांवड़िए ट्रेन और रोडवेज बसों में मुजफ्फरनगर से हरिद्वार पहुंचता है। ऐसे में परिवहन निगम के निर्देशों के बीव रोडवेज डिपो के अधिकारियों ने अपनी व्यवस्था सुधारने की कवायद शुरू की है। मुजफ्फरनगर डिपो के एआरएम भुवनेश्वर प्रसाद व वरिष्ठ केंद्र प्रभारी राजकुमार तोमर ने बताया कि हरिद्वार आने-जाने वाले शिव भक्त कांवड़ियों को असुविधा न हो, इसके लिए ही मुजफ्फरनगर रोडवेज डिपो की सभी 46 बसों के कर्मियों को सख्त निर्देश दिए हैं। वहीं कांवड़ यात्रा के मद्देनजर दिल्ली से ऋषिकेश तक 6, दिल्ली से हरिद्वार 10 बसों की व्यवस्था की गई है, वहीं शामली से हरिद्वार व कैराना से हरिद्वार, बुढ़ाना से हरिद्वार-ऋषिकेश के लिए अलग से 28 बसें व शुक्रताल से हरिद्वार के लिए दो बसों का संचालन किए जाने की व्यवस्था की है।

# यमुना नदी के जलस्तर में मामूली वृद्धि

**कैराना, 26 जून (बु.)।** पहाड़ी क्षेत्रों में वर्षा के चलते यमुना नदी के जलस्तर में मामूली वृद्धि दर्ज की गई है। एक दिन पूर्व हथिनीकुंड बैराज पर पहाड़ी क्षेत्रों में वर्षा के कारण पानी का दबाव बढ़ा, जिसके बाद यमुना नदी में 5607 क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया गया था। सोमवार को यह पानी कैराना यमुना ब्रिज तक पहुंच गया। इसके चलते यमुना के जलस्तर में करीब 20 सेंटीमीटर की वृद्धि दर्ज की गई है, जिस पर पानी का बहाव सुबह आठ बजे 228.15 मीटर रिकॉर्ड किया गया। यहां से चेतावनी बिंदु 231 मीटर व खतरे का निशान 231.50 मीटर पर है। ड्रेनेज विभाग के जेई आशु कुमार ने बताया कि सोमवार सुबह आठ बजे 5688 क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया गया है। इससे क्षेत्र में कोई खतरा नहीं हैं।

# व्यापार मंडल का सम्मान समारोह संपन्न



**मुजफ्फरनगर, 26 जून (बु.)।** सोमवार को व्यापारियों की आवाज व्यापार मंडल द्वारा संगठन के संस्थापक, जिलाध्यक्ष शलभ गुप्ता एडवोकेट के नेतृत्व में नवनिर्वाचित पालिका अध्यक्षा का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्षा मीनाक्षी स्वरूप एवं भाजपा नेता गौरव स्वरूप, सांसद प्रतिनिधि पुष्पेन्द्र चौधरी एवं पूर्व विधायक अशोक कंसल आदि को पुष्प गुच्छ एवं माला पहनाकर इस बीच स्वागत किया गया। कार्यक्रम अध्यक्षता वरिष्ठ भाजपा नेता सौरभ स्वरूप बंटी व संचालन शलभ गुप्ता एड. द्वारा किया गया। व्यापार मंडल की ओर से संपन्न कार्यक्रम को पूर्व विधायक अशोक कंसल, रेणू गर्ग, पालिका चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप, गौरव स्वरूप, सौरभ स्वरूप बंटी, कृष्ण गोपाल मित्तल द्वारा सम्बोधित करते हुए संगठन द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना करते हुए यह आश्वस्त किया कि उनकी तमाम समस्याओं का समय-समय पर समाधान किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से दीपक मित्तल सर्राफ, वार्ड सभासद पति शोभित गुप्ता, लवी गोयल, जनार्दन विश्वकर्मा, अनमोल जिन्दल, शिल्पी राज वत्स, विक्की चावला, पूर्व सभासद बिजेन्द्र पाल, गौरव सिंघल, नदीम अंसारी, प्रिंस गर्ग, हिमांशु गोयल, जौली सर्राफ, रक्षित नामदेव, विनोद विश्वकर्मा, सुमित पाल हडौली सहित अनेकों व्यापारी नेता एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।





रस्म पगड़ी



अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूजनीय पिताजी
**श्री पवन कुमार गोयल जी** का
स्वर्गवास दिनांक : 17 जून 2023, दिन शनिवार
को हो गया है, प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।
रस्म पगड़ी दिनांक : 28 जून 2023, दिन-बुधवार
को निम्न कार्यक्रमानुसार सम्पन्न होगी।

ब्रह्मभोज ...................... अपराह्न 12: 00 बजे
रस्म पगड़ी ...................... दोपहर 2:00 बजे

स्थान
बड़ी धर्मशाला, वकील रोड, निकट वैदिक पुत्री पाठशाला इंटर कालेज, नई मंडी,मुजफ्फरनगर

फर्म
मैं0 वरदान कैमिकल्स
मुजफ्फरनगर

शोकाकुल परिवार
अंकुर गोयल (चीनू )पुत्र
अंकित गोयल (वीरू)पुत्र
दिनेश बिहारी (भाई)

एवं समस्त गोयल परिवार
9412215099, 7466035001, 9897572127
नोटः आपसे विनम्र निवेदन है कि पगड़ी लाने का कष्ट न करें।

# शाहपुर में जाहरवीर की म्हाड़ी पर देव प्रतिमाओं की विधिवत स्थापना

**-विशाल भंडारे का आयोजन किया गया -भव्य जीर्णोद्धार के बाद आकर्षण का केंद्र बनी म्हाड़ी**

**शाहपुर, 26 जून (बु.)।** कस्बे की जाहरवीर गोगा जी की म्हाड़ी पर विधि विधान से देव प्रतिमाएं स्थापित की गई। कस्बे के मौहल्ला सैनियान स्थित श्री जाहरवीर गोगा जी की म्हाड़ी का जीर्णोद्धार का कार्य चल रहा था । जीर्णोद्धार का कार्य पूर्ण होने के बाद विद्वान पंडित बाबूराम शास्त्री व अन्य विद्वानों द्वारा देव स्थल व देव प्रतिमाओं की पांच दिवसीय विशेष पूजा-अर्चना करने के बाद सोमवार को श्री जाहरवीर गोगा जी की म्हाड़ी के अलावा बाबा गुरु गोरखनाथ की प्रतिमा पूरे विधि विधान से स्थापित कराई गई, जिसके बाद विशाल भंडारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान के भाई विवेक बालियान, पूर्व चेयरमैन प्रमेश सैनी व वरिष्ठ भाजपा नेता श्यामपाल सिंघल ने पहुंच स्थापित देव प्रतिमा के दर्शन कर भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। माढी के जीर्णोद्धार कार्य से जुड़े राधेश्याम नामदेव ने जाहरवीर जी की महिमा के विषय में प्रकाश डालते हुए बताया कि जाहरवीर गोगा जी के बारे में विभिन्न कथाएं प्रचलित हैं। समाज के प्रत्येक वर्ग में गोगाजी के प्रति अगाध आस्था है। बताया जाता है कि जाहरवीर गोगा जी का जन्म गुरु गोरखनाथ जी के वरदान से हुआ था। उन्हें लोक देवता सांपों के देवता नागराज गोगापीर गौ रक्षक देवता जाहरवीर आदि नामों से जाना जाता है। मुगल शासक एवं आक्रांता महमूद गजनवी से गोवंश की रक्षा करते समय वीरगति को प्राप्त होने वाले गोगा जी का जन्म राजस्थान के चूरु जिले में भाद्रपद कृष्ण पक्ष की नवमी को 11 वीं सदी में हुआ था। उनकी माता का नाम बाछल देवी पिता का नाम जेवर पत्नी का नाम केलम एवं पुत्र का नाम केसरियाजी था। गुरु गोरखनाथ के वह परम शिष्य थे, उनकी घोड़ी को नीली घोड़ी के नाम से पुकारा जाता है। ऐसी मान्यता है कि किसान हल जोतने से पहले गोगा राखड़ी हल एवं बैल को बांधते थे, जिसमें 9 गांठ होती थी, महमूद गजनबी से गायों की रक्षा करते हुए प्राण न्योछावर करने वाले गोगा पीर का थान राजस्थान में खेजड़ी के नीचे गोगाजी का सिर ददरेवा में गिरा था, जिसे शिरष मडी व सिद्धमेडी कहते हैं, धड़ जिस स्थान पर गिरा, उसे गोगामेडी नोहर कहा जाता है, जो हनुमानगढ़ी धुरमेड़ी में स्थित है। इस दौरान रविंद्र सैनी, वरिष्ठ सभासद मनोज सैनी, राधेश्याम नामदेव, सोनू सैनी, मनोज कश्यप व बृजपाल प्रजापति आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

## पुलिस ने अवैध पिस्टल के साथ दबोचा शातिर युवक

**चरथावल, 26 जून (बु.)।** ग्राम बिरालसी पुलिस चौकी पर चैकिंग के दौरान पुलिस ने एक युवक को 32 बोर्ड अवैध पिस्टल के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी का चालान करते हुए जेल भेज दिया है। चैकिंग के दौरान पुलिस ने एक युवक को 32 बोर की अवैध पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम हिमांशु पुत्र सूरजपाल पुण्डीर निवासी ग्राम रोनी हरजीपुर थाना चरथावल बताया पुलिस ने आरोपी के पास से 32 बोर की पिस्टल बरामद की है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी का चालान करते हुए जेल भेज दिया है।

## चेयरमैन व ईओ और सभासदों ने ईदगाह की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया

**जानसठ, 26 जून (बु.)।** ईद-उल-अजहा की नमाज को लेकर सुन्नी व शिया समाज की ईदगाह और मस्जिदों पर पहुंचकर साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इसी क्रम के चलते चेयरमैन जानसठ डॉ. आबिद हुसैन, अधिशासी अधिकारी विनोद कुमार शुक्ला, सभासद मोहम्मद अहसान, सुशील कुमार, ने हजरत मौलाना लुकमान नजीर अहमद कासमी व वरिष्ठ समाजसेवी हाजी आशु मलिक सहित नगर के गणमान्य लोगों के साथ मिलकर ईदगाह में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। नगर पंचायत जानसठ के चेयरमैन डॉ. आबिद हुसैन, अधिशासी अधिकारी विनोद कुमार शुक्ला ने बताया कि ईदगाह सहित नगर की विभिन्न मस्जिदों के आस-पास सफाई की व्यवस्था के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत द्वारा पानी आपूर्ति की व्यवस्था के बाबत कर्मचारियों को सख्त हिदायत दी गई है। चेयरमैन जानसठ डॉ. आबिद हुसैन, अधिशासी अधिकारी विनोद कुमार शुक्ला, हजरत मौलाना लुकमान नजीर अहमद कासमी, वरिष्ठ समाजसेवी हाजी आशु मलिक, सभासद मोहम्मद अहसान, सुशील कुमार नें जनता से संयुक रूप से अपील करते हुए कहा कि ईद-उल-अजहा का त्योहार खुशनुमा माहौल में मनाए और कोई भी कार्य ऐसा ना करें, जिससे किसी की भावना आहत होती हो। इस दौरान मुख्य रूप से चेयरमैन डॉ आबिद हुसैन, अधिशासी अधिकारी विनोद कुमार शुक्ला, हजरत मौलाना लुकमान नजीर अहमद कासमी, वरिष्ठ समाजसेवी हाजी आशु मलिक, सभासद मोहम्मद अहसान, सुशील कुमार, मौलाना सलमान, मोहम्मद रिजवान खालिद, नईम खां, बाबू अफजाल, तैयब, रईसुद्दीन, बाबू, मौ. अहसान आदि मौजूद रहे।

# जिले के टॉपर छात्र ने डीएम को की शिकायत

**मुजफ्फरनगर, 26 जून (बु.)।** नेशनल हाइवे स्थित श्री चैतन्या टैक्नो स्कूल प्रशासन के खिलाफ सोमवार को सीबीएसई 10वीं के जिला टॉपर छात्र मयंक तायल के अभिभावकों ने डीएम से शिकायत की है। परिवार का आरोप है कि विद्यालय प्रशासन ने अपने विद्यालय के 10वीं कक्षा के छात्र के अंक बढ़ाकर उसका जनपद टॉपर के रूप में प्रचार किया, जबकि असली टॉपर होली एंजिल्स स्कूल का मयंक तायल है, जिसकी पुष्टि मुख्यमंत्री के द्वारा सम्मानित होने पर भी हो गई है। नगर के मौ. आर्यपुरी निवासी अभिषेक तायल ने सोमवार को डीएम अरविन्द मल्लप्पा बंगारी से मिलकर शिकायती पत्र सौंपते हुए बताया कि नेशनल हाइवे स्थित श्री चैतन्या टैक्नो स्कूल ने 10वीं कक्षा से अपने स्कूल के छात्र का नाम जिला टॉपर के रूप में जारी किया था, जिसमें छात्र के कुल अंक 498 दिखाए गए, जबकि मार्कशीट में अंक मयंक तायल से कम है। कई दिनों तक विद्यालय के छात्र को सीबीएसई में जिला टापर माना गया, लेकिन 15 जून को लखनऊ में मुख्यमंत्री मेधावी सम्मान समारोह के लिए जिले से जब सीबीएसई 10वीं के टापर होली एंजिल्स स्कूल के मयंक तायल को चुना गया, जिसके अंक 497 है। आरोप है कि विद्यालय ने धोखाधड़ी कर अपने विद्यालय की पब्लिसिटी के लिए छात्र के अंक बढ़ाकर गलत बताए, जबकि मार्कशीट में भी तीन अंक कम बैठ रहे हैं। डीएम ने उक्त मामले में स्कूल प्रबंधन से स्पष्टीकरण लेने के साथ जांच के लिए डीआईओएस को आदेश दिए हैं। हालांकि इस मामले में श्री चैतन्य टैक्नों स्कूल की प्रधानाचार्या अर्चना दूबे का कहना है कि उन्होंने वैकल्पिक विषय के अंक जोड़कर अपने छात्र की जानकार टापर की रूप में दी थी।



नि:शुल्क सर्जिकल शिविर

आपको जानकर हर्ष होगा कि आपके शहर मुजफ्फरनगर में दिनांक 28 जून, 2023 दिन बुधवार को ज्योति हॉस्पिटल, सरकुलर रोड, पर एक नि:शुल्क सर्जिकल कैंप आयोजित किया जा रहा है।

इस कैंप में मुजफ्फरनगर के मशहूर अनुभवी लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉक्टर सुनील कुमार गुप्ता एवं डॉक्टर सिद्धार्थ गुप्ता यूरोलॉजिस्ट एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन द्वारा नि:शुल्क परामर्श दिया जाएगा।

इस कैम्प में

- पित्त की थैली में पथरी, अपैंडिक्स एवं हार्नियां का परामर्श
- गुर्दे की पथरी, गुर्दे की नलकी की पथरी, मसाने की पथरी, मसाने का कैंसर, गदूद की समस्या, पेशाब की नलकी का सिकुड़ना।
- पेशाब सम्बंधित अन्य रोग, जैसे स्त्रियों में खाँसते व छीकते हुए पेशाब निकल जाना, पेशाब रूक-रूक कर आना, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना, पेशाब की धार कमजोर होना।
- स्तन (Breast) स्त्रियों की छाती से सम्बन्धित रोग जैसे - स्तन या बगल में गाँठ होना, निप्पल से खून आना
- स्तन के आकार में बदलाव आना, निप्पल का अंदर की ओर धसना जैसे रोगो का नि:शुल्क परामर्श दिया जाएगा।
- गुदा संम्बधित रोग जैसे- बावासीर, मस्से, भगंदर, नासूर का लेजर द्वारा इलाज

नि:शुल्क पी.एस.ए. गदूद के कैंसर की जाँच
ऑपरेशन पर भारी छूट
नि:शुल्क यूरोफ्लोमेट्री पेशाब की धार की जाँच

स्थान : ज्योति हॉस्पिटल, सरकुलर रोड, मुजफ्फरनगर

फ्री परामर्श का समय
28 जून 2023, बुधवार प्रात: 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक

रजिस्ट्रेशन के लिए शीघ्र सम्पर्क करें- 9319993779
रोगियों से अनुरोध है कि वे अपनी जाँच व इलाज सम्बन्धी कागज (यदि हो तो) जरूर लेकर आयें

## मेरठ में कमिश्नर का कुत्ता चोरी, प्रशासन में मची खलबली, अब घर-घर ढूंढ रही पुलिस



मेरठ, 26 जून (एजेंसी)। मेरठ में कमिश्नर सेल्वा कुमारी जे. का पालतू कुत्ता चोरी हो गया हैं। इसकी जानकारी लगने पर पुलिस-प्रशासन के आला अधिकारी में खलबली मच गई। पुलिस प्रशासन टीम कमिश्नर के कुत्ते को ढूंढने में लगी हुई है, 18 घंटे बीतने के बावजूद कुत्ते का कोई भी सुराग नहीं लगा हैं। कमिश्नर आवास से रविवार शाम 6 बजे साइब्रेयन हस्की ब्रीड का कमिश्नर का कुत्ता गायब हो गया। कमिश्नर आवास में तैनात पुलिस वालों ने कुछ देर तक तो कुत्ते का इंतजार किया और फिर आसपास में उसको ढूंढना शुरू किया। काफी देर होने के बाद भी कुत्ते का कोई सुराग नहीं लगा तो उन्होंने कमिश्नर इसकी जानकारी दी। कमिश्नर में स्टाफ को फटकार लगाई तो पुलिस प्रशासन के अधिकारियों में खलबली मच गई हैं। पुलिस प्रशासन के साथ अब निगम की टीम भी कुत्ते की तलाश में लग गई है। हालांकि अभी कुत्ते के चोरी या गायब होने की लिखित में कोई शिकायत नहीं हुई है। कमिश्नर आवास की सुरक्षा में तैनात पुलिस कर्मियों ने कुछ देर तक तो डॉग के लौटने का इंतजार किया, लेकिन जब बहुत देर तक वह वापस नहीं आया, तो इसकी जानकारी कमिश्नर को दी। माना जा रहा है कि रविवार शाम को कमिश्नर हाउस का मेन गेट खुला रह गया होगा। इस बीच कोई गाड़ी अंदर आई होगी। तभी मौका पाकर डॉग गेट से बाहर रोड पर निकल गया। रोड से कहीं चला गया या किसी ने उसे चुरा लिया है। हस्की डॉग जिसे साइबेरियन हस्की के नाम से जाना जाता है, यह एक मध्यम आकार वाली नस्ल है। इसका पिल्ला 60 से 80 हजार का मिलता है।

## हस्तिनापुर से चांदपुर को जोड़ने वाले पुल का संपर्क मार्ग गंगा में समाया

मेरठ/बिजनौर, 26 जून (एजेंसी)। चांदपुर और हस्तिनापुर को जोड़ने वाले भीमकुंड गंगा घाट पर बने पुल को जोड़ने वाली एप्रोच सड़क सोमवार को गंगा के उफान में समा गई। इससे इस मार्ग पर यातायात बंद हो गया है। पुलिस ने दोनों ओर के वाहनों को रोकने के लिए बैरियर लगा दिए हैं। पहाड़ पर लगातार हो रही बारिश से गंगा के जलस्तर में उफान है। रविवार को पानी ने नारनौर (चांदपुर) के पास गंगा नदी पर बने पुल के अंतिम पिलर और अप्रोच रोड की ओर कटान करना शुरू किया। सोमवार सुबह अंतिम पिलर पर जुड़ा करीब 15 मीटर सड़क का हिस्सा गंगा में समा गया। इसके चलते इस मार्ग पर यातायात बंद हो गया। मेरठ से अमरोहा, चांदपुर, मुरादाबाद, धामपुर और बिजनौर से दिल्ली मेरठ जाने के लिए अब लगभग 60 किलोमीटर की अतिरिक्त दूरी तय कर बिजनौर बैराज से होकर जाना पड़ेगा।

## यूपी में बनेगा मेगा टैक्सटाइल पार्क, मोदी करेंगे उद्घाटन

लखनऊ, 26 जून (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश को अगले कुछ साल में एक ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में प्रयासरत राज्य सरकार एक मेगा टैक्सटाइल पार्क बनाने की योजना पर काम कर रही है। यह एक बड़ी परियोजना होगी जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। राज्य के केबिनेट मंत्री राकेश सचान ने यह बात कही। देश के अग्रणी वाणिज्य एवं उद्योग मंडल एसोचैम द्वारा लखनऊ में आयोजित दो दिवसीय उत्तर प्रदेश एमएसएमई सम्मेलन 2023 का उद्घाटन करते हुये सचान ने कहा हरदोई- कानपुर के बीच एक पीएम मित्र पार्क जो कि एक टैक्सटाइल पार्क होगा उसकी शुरूआत होगी। यह एक बड़ी परियोजना होगी जिसकी अगले एक- दो महीने में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरूआत की जा सकती है।

## सिर्फ इथेनॉल पर चलने वाली कार अगस्त में होगी लॉन्च

नई दिल्ली, 26 जून (एजेंसी)। भारत जल्द ही कारों और दोपहिया वाहनों को सिर्फ इथेनॉल-आधारित ईंधन या फ्लेक्स-फ्यूल पर चलता हुआ देखेगा, और कार्बन उत्सर्जन से निपटने के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों का एक मजबूत विकल्प होगा। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को कहा कि देश में जल्द ही इथेनॉल आधारित वाहन पेश किए जाएंगे, जिसकी शुरूआत टोयोटा कैमरी से होगी, जिसे इस साल अगस्त में लॉन्च किया जाएगा। नागपुर में एक कार्यक्रम में बोलते हुए, गडकरी ने एक बार फिर ऐसे वाहनों की आवश्यकता पर जोर दिया जो प्रदूषण को कम करने और पेट्रोल और डीजल जैसे महंगे फॉसिल फ्यूल पर निर्भरता को कम करने के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों के अलावा वैकल्पिक ईंधन पर चल सकें। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी पेट्रोल के विकल्प के रूप में हरित ईंधन के उपयोग के बहुमुखी फायदों में दृढ़ विश्वास रखते हैं। हालांकि उनका कहना है कि भारत अपने कच्चे तेल के आयात बिल को काफी कम कर सकता है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि इथेनॉल आधारित ईंधन पर स्विच करना पर्यावरण के लिए भी फायदेमंद हो सकता है और उपभोक्ताओं के लिए कहीं ज्यादा लागत प्रभावी हो सकता है। रविवार को, गडकरी ने कहा, "हम नए वाहन ला रहे हैं जो पूरी तरह से इथेनॉल पर चलेंगे। बजाज, टीवीएस और हीरो स्कूटर 100 प्रतिशत इथेनॉल पर चलेंगे।"

## ओवैसी की रैली में औरंगजेब के समर्थन में लगे नारे

मुंबई, 26 जून (एजेंसी)। महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले में एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी की रैली में औरंगजेब समर्थित नारे लगाने को लेकर पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने सोशल मीडिया पर चल रहे वीडियो और ऑडियो क्लिप का संज्ञान लिया है और रैली में मौजूद पुलिसकर्मियों की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया। सोशल मीडिया पर एक वीडियो प्रसारित हो रहा है जिसमें एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी मंच पर भाषण दे रहे हैं। लेकिन तभी ओरंगजेब के समर्थन में नारे लगने लगते हैं। वह शनिवार शाम मलकापुर शहर में रैली को संबोधित कर रहे थे। ओवैसी ने दावा किया कि औरंगजेब समर्थक नारों की खबरें झूठी हैं। उन्होंने ने रविवार को कुछ समाचार चैनलों पर झूठी खबरें चलाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उस समय मलकापुर की रैली में पुलिस मौजूद थी। चैनल झूठी खबरें प्रसारित कर रहे हैं।

## अज्ञान वाहन की टक्कर से अधेड़ व्यक्ति की मौत

कैराना, 26 जून (बु.)। अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे से परिजनों में कोहराम मच गया। सोमवार सुबह करीब 11 बजे गांव रामड़ा निवासी गोपाल शर्मा (55) अपनी बाइक पर सवार होकर कैराना की ओर आ रहा था। इसी दौरान खुरगान बाईपास ओवरब्रिज के निकट अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से घायल को उपचार हेतु नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भिजवाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इमामगेट चौकी प्रभारी एसआई कुलदीप सिंह ने बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से व्यक्ति की मौत हुई है। इस संबंध में कोई लिखित तहरीर नहीं आई है।

# लिफ्ट देकर दिल्ली के दम्पति से लूटपाट

रामराज, 26 जून (बु.)। बस स्टैंड पर बस की प्रतीक्षा कर रहे दम्पति को कार सवार बदमाशों ने लिफ्ट देकर उनके बैग से जेवरात व नगदी लूट ली तथा दम्पति को टिकोला शुगर मिल के पास छोड़कर फरार हो गए। रामराज पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश में जुटी है। दिल्ली के मालवीय नगर के 32इ नील ब्लॉक निवासी नत्थीलाल गुप्ता अपनी पत्नि निमिषा गुप्ता के साथ दो दिन पूर्व अपनी ससुराल मीरापुर निवासी राजकुमार गुप्ता के यहां आये हुए थे तथा यहां से सोमवार की सुबह दोनों वापस लौटने के लिए मीरापुर बस स्टेंड पर बस की प्रतीक्षा कर रहे थे, तभी बिजनोर की ओर से आये एक ईको कार सवार उन्हें दिल्ली तक अपनी कार से लिफ्ट देने को कहने लगा, उक्त कार में पहले से ही चार युवक व दो महिलाएं एक बच्चे के साथ बैठी हुई थी, जिस पर नत्थीलाल व उनकी पत्नि निमिषा भी दिल्ली जाने उनकी कार में बैठ गये। इस दौरान कार में जगह कम होने पर एक महिला ने निमिषा का बैग अपने पास रख लिया तथा बड़ी ही चालाकी से सोने के कुंडल, चैन, अंगूठी व मंगलसूत्र तथा एक हजार की नकदी को उसके बैग से निकाल लिया तथा बैग की चैन पर एल्फी डालकर उसे चिपका दिया। जैसे ही उनकी कार टिकोला शुगर मिल के निकट पहुंची, तो ईको कार चालक ने कार के पहिये में खराबी होने की बात कहकर कार को साईड लगाते हुये नत्थीलाल व उनकी पत्नि निमिषा को नीचे उतार दिया। इससे पहले दम्पति कुछ समझ पाता, उससे पहले ही बदमाश बड़ी तेजी से कार को भगाकर फरार हो गए। शक होने पर निमिषा ने अपना बैग देखा तो उनके बैग की चेन चिपकी हुई मिली, जिसे उन्होंने बड़ी ही मुश्किल से बैग खोला, तो बैग से सोने के कुंडल, चैन, अंगूठी व मंगलसूत्र तथा एक हजार की नकदी गायब मिली, जिस पर पीड़ित दम्पत्ति ने फोन से मामले की जानकारी मीरापुर निवासी ससुरालियो को दी तथा रामराज थाने पहुंचकर नत्थीलाल गुप्ता ने अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामले को दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज में दर्ज हुए कार के नम्बर के आधार पर बदमाशो की तलाश शुरू कर दी।

### बदमाशों की तलाश में जुटी पुलिस

रामराज, 26 जून (बु.)। दिल्ली निवासी दम्पति से रामराज क्षेत्र में हुई लूट की सूचना से पुलिस में हडकंप मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित दम्पति से पूछताछ की तथा मीरापुर से लेकर रामराज तक रास्ते में पड़ने वाले सीसीटीवी के फुटेज खंगालने शुरू कर दिए तथा पुलिस फुटेज के आधार पर मिले कार नंबर की जांच पड़ताल कर बदमाशों की तलाश में जुट गई।

### शातिर गैंग में महिलाएं भी हैं शामिल

रामराज, 26 जून (बु.)। लिफ्ट देकर राहगीरों से लूट करने वाले बदमाश अपने साथ कार में महिलाओं को भी रखते है, जिससे यात्रियों को लगता है कि कार में कोई परिवार बैठा है, जिस पर यात्री उन पर विश्वास कर कार में बैठ जाते है और इस गैंग का शिकार बन जाते है।



## श्रवण कुमार की भांति दादा-दादी को कांवड़ में बैठाकर हरिद्वार से चला

पुरकाजी, 26 जून (बु.)। ग्राम असालतपुर फरूखनगर जिला गाजियाबाद निवासी राहुल सैनी हरिद्वार से पावन गंगाजल लेकर कांवड़ में अपने 85 वर्षीय दादा धन्नो व 82 वर्षीया दादी बलबीरी को बैठाकर 20 जून को अपने साथियों के साथ यात्रा के लिये निकला। कस्बे में पहुंचने पर कांवड़ देखने के लिये लोगों की भारी भीड़ जमा हो गयी। राहुल की श्रद्धा भक्ति की लोगों में चर्चा थी। राहुल सैनी अपने कन्धों पर कांवड़ में दादा-दादी को बैठाकर अकेला पैदल चल रहा है। उसके साथी कन्धों पर कांवड़ उठाते समय उसका सहयोग करते है। उसने बताया कि वह 14 जून को अपने पैतृक गांव के शिव मन्दिर में जलाभिषेक करेगा।

## सीएम धामी ने की कांवड़ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा बैठक

हरिद्वार, 26 जून (एजेंसी)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को हरिद्वार के सीसीआर में कांवड़ मेले की तैयारियों की समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि कांवड़ मेला पिछले साल के रिकॉर्ड तोड़ेगा। मेले को सुगम और सरल बनाया जाएगा। मेले की लिए बजट की कोई कमी नहीं है, सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जो समय बचा है उस पर सभी विभाग काम करेंगे। सीएम धामी ने कहा कि पिछले साल हेलीकॉप्टर से कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा हुई थी। इस साल उनका इससे भी भव्य स्वागत किया जाएगा। सीएम धामी ने केदारनाथ यात्रा पर आ रहे यात्रियों से अपील की कि वे मौसम की जानकारी लेकर ही यात्रा करना सुनिश्चित करें।

## दिल्ली-अंबाला एक्सप्रेस के आगे कूदकर दी जान, लोगों ने आंखों के सामने देखा ये हादसा

मेरठ, 26 जून (एजेंसी)। दौराला रेलवे स्टेशन के पास सोमवार को एक युवती ने दिल्ली-अंबाला एक्सप्रेस के सामने खड़े होकर आत्महत्या कर ली। लोगों ने मामले की सूचना दौराला पुलिस को दी। वहीं, मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली। मामला जीआरपी से जुड़ा होने के चलते दौराला पुलिस ने जीआरपी को सूचना दी। इसके बाद जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और युवती के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। सोमवार को लगभग चार बजे गाड़ी संख्या 14521 दिल्ली-अंबाला एक्सप्रेस ट्रेन दौराला स्टेशन के पास पहुंची। इस दौरान पहले से ही वहां घूम रही एक युवती अचानक ट्रेन के सामने आकर खड़ी हो गई। वहां, मौजूद लोगों ने शोर भी मचाया। लेकिन, ट्रेन के नजदीक आ जाने के चलते युवती को बचाने की कोई हिम्मत नहीं जुटा सके। जिस कारण युवती की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद लोगों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। वहीं, युवती के ट्रेन के सामने आत्महत्या कर लेने की सूचना पर दौराला पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटना की जानकारी ली। दौराला थाना प्रभारी ने बताया कि मामला जीआरपी से जुड़ा है। युवती के शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। ट्रेन के सामने खड़े होने के चलते शव क्षत-विक्षत हो गया है। जीआरपी ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवती की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

## बेरोजगारी के खिलाफ 25 से ज्यादा संगठन करेंगे जंतर-मंतर कूच

नई दिल्ली, 26 जून (एजेंसी)। देश में बढ़ती बेरोजगारी को देखते हुए 25 से ज्यादा संगठनों ने 9 जुलाई को जंतर मंतर पर धरना प्रदर्शन का एलान किया है। इसी दिन केंद्र सरकार का बेरोजगारी की ओर ध्यान आकृष्ट करने के लिए और उस पर ठोस नीति बनवाने के लिए एक वोट एक रोजगार आंदोलन की मुहिम शुरू की जाएगी। युवा हुंकार के संस्थापक और इस आंदोलन के अगुवा डॉ. संत प्रकाश का कहना है कि देश के एक प्रतिशत लोग जो कि देश के संसाधनों का सर्वाधिक उपयोग करते हैं यदि अपनी आय का कुछ हिस्सा बढ़ाकर 'कर' के रूप में देश के कोष को दे दें तो एक वोट पर एक रोजगार की बात को आसानी से साकार किया जा सकता है। केंद्र सरकार द्वारा इसके लिए तत्काल कानून बनाकर अमली जामा पहनाया जाना चाहिए। हाल में इसी कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर 25 जून को दिल्ली के दीनदयाल उपाध्याय मार्ग पर स्थित एन.डी. तिवारी भवन में एक बैठक हुई थी। इसमें न्यूनतम वेतन की गारंटी, समान काम के लिए समान वेतन की मांग के साथ 60 साल से अधिक उम्र के सभी बुजुर्गों को सम्मानजनक पेंशन की भी मांग पर चर्चा की गई। बैठक में कई युवा एवं नागरिक संगठनों के पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों ने शिरकत की।

## मौत में शामिल होने आए रिश्तेदारों व मृतका के परिजनों में जमकर मारपीट

मीरापुर, 26 जून (बु.)। कस्बे में एक महिला की मौत के बाद परिवार को सांत्वना देने आए रिश्तेदारों व मृतका के परिजनों में कहासुनी हो गई, जिसके बाद दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। पुलिस ने दोनों पक्षों के नौ-नौ लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। कस्बे के मौहल्ला शरफपुरा निवासी महताब पुत्र इकबाल ने मुकदमा दर्ज कराया कि उसके परिवार की एक महिला का इंतकाल हो गया था। रात में करीब डेढ़ बजे उसका दफीना किया जा रहा था। आरोप है कि इस दौरान मवाना के मोहल्ला मुन्नालाल से आए हुए उसके रिश्तेदार आरिफ व आसिफ पुत्र इरफान से उसके भाई आफताब की कहासुनी हो गई, जिसके बाद दोनों ओर से जमकर मारपीट हुई, मारपीट में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने मेहताब की तहरीर पर दूसरे पक्ष के आरिफ, आसिफ, इरफान, दिलशाद, समद, अमन, बाबर, सलमान व आहद निवासीगण मौहल्ला मुन्नालाल मवाना के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया, जबकि दूसरे पक्ष के दिलशाद पुत्र शाहबुद की तहरीर पर महताब पक्ष के आफताब, खालिद, महताब, फिरोज, दिलशाद, राशिद, शाहिद, साहिल व इकबाल निवासीगण मोहल्ला शरफपुरा थाना-मीरापुर के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर लिया।

## रामराज में एक रात में दो गाँवो में चोरी की घटना से सहमे ग्रामीण

रामराज, 26 जून (बु.)। पिछले दो सप्ताह से रामराज क्षेत्र में हो रही चोरी रुकने का नाम नहीं ले रही है। ग्राम हुसैनपुर में घर में सो रही एक महिला के कुंडल खींचकर चोर फरार हो गए, तो ग्राम स्याली में चोरों ने एक मंदिर के दानपात्र को तोड़कर नकदी चोरी कर ली। रामराज थानाक्षेत्र के ग्राम हुसैनपुर निवासी ज्योति रानी पत्नि कविंद्र सिंह ने बताया कि वह घर के एक कमरे में सो रही थी। देर रात चोर उसके कानों से सोने के कुंडल खींचकर ले गए, जिससे उसकी चींख निकल गई। जाग हुई तो चोर घर की दीवार कूदकर भाग गए। कुंडल खींचने से महिला के दोनों कान चिर गए, जिससे वह घायल हो गई, जिस पर उसके परिजनों ने रात में ने चिकित्सक के यहां उपचार कराया। उधर थानाक्षेत्र के गांव स्याली में स्थित मंदिर में घुसकर चोरों ने यहा लगे दानपात्र तोड़कर उसमें से करीब दो हजार की नकदी व मंदिर परिसर में बने एक कमरे से एक बैट्रा, खाना बनाने के बर्तन व कपड़े चोरी कर लिये। सवेरा होने पर ग्रामीणों को चोरी की जानकारी लगी, तो ग्रामीणों ने मामले की जानकारी डायल 112 व रामराज पुलिस को दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस छानबीन कर लौट गई। ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले 15 दिन से क्षेत्र में लगातार चोरी हो रही हैं। चोर करीब एक दर्जन नलकूप में चोरी करके किसानों को भी भारी नुकसान पहुंचा चुके हैं, किन्तु पुलिस मुकदमा दर्ज नहीं करती है, जिससे ग्रामीणों में पुलिस के प्रति रोष व्याप्त है।

## रामपुर तिराहा कांड में ढाबा संचालक ने बताया घटनाक्रम

**मुजफ्फरनगर, 26 जून (एजेंसी)। रामपुर तिराहा कांड में सीबीआई की ओर से पेश गवाह ढाबा संचालक ने अदालत में आरोपों का समर्थन किया। अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या-सात के पीठासीन अधिकारी शक्ति सिंह के यहां सीबीआई ने सरकार बनाम राधा मोहन द्विवेदी की पत्रावली में सामूहिक दुष्कर्म, छेड़छाड़ और लूट समेत अन्य गंभीर धाराओं के मुकदमे में गवाह पेश किया। गवाह ने घटना का समर्थन किया और मौके के हालात के बारे में अदालत में बताया है। शासकीय अधिवक्ता फौजदारी राजीव शर्मा, सहायक शासकीय अधिवक्ता फौजदारी परवेंद्र सिंह और जोगेंद्र गोयल और बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता सुरेंद्र शर्मा और राज सिंह पंवार ने पैरवी की। अगली सुनवाई के लिए तीन जुलाई की तिथि तय की गई है। सरकार बनाम मिलाप सिंह की पत्रावली में सुनवाई के लिए छह जुलाई की तिथि तय की गई। अदालत ने पीड़िताओं को कड़ी सुरक्षा और नियमानुसार अदालत में लाने के लिए कहा है। अदालत ने कड़ी सुरक्षा के आदेश पारित किए हैं। एक अक्तूबर, 1994 को अलग राज्य की मांग के लिए देहरादून से बसों में सवार होकर दिल्ली जा रहे उत्तराखंड के आंदोलनकारियों को रोकने का प्रयास किए जाने पर लाठीचार्ज और फायरिंग की गई थी।**

# 11.6 मिमी बारिश से मौसम राहत भरा

### अभी कई दिन तक और बारिश की उम्मीद

मुजफ्फरनगर, 26 जून (बु.)। मानसून की दस्तक के बीच आज सुबह ठीक और इसके बाद दोपहर तक रुक-रुक कर हुई रिमझिम बारिश के बाद आज भी मौसम में खासी राहत रही। हालांकि दोपहर बाद धूप निकलने से थोड़ी उमस बढ़ी। इसके बावजूद मौसम में काफी राहत महसूस की गई। नगर में आज तामपान अधिकतम 30.4 और न्यूनतम 24.4 डिग्री रहा। इसके साथ ही 11.6 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग अभी बारिश का दौर जारी रहने की संभावना जता रहा है।

कल सुबह के बाद रविवार को दिन में बादल खामोश रहे। इसके बाद बीती रात बादलों के डेरे के साथ तड़के फिर जोरदार बारिश हुई। इसके बाद दोपहर तक कभी धीमी तो कभी तेज बौछारों का सिलसिला जारी रहा। हालांकि दोपहर बाद मौसम खुला, लेकिन आसमान पर बादलों के बीच थोड़ी देर धूप के दर्शन हुए। इसके बाद मौसम में थोड़ी उमस बढ़ी। मॉनसून की सक्रियता के बाद दो दिन में 9.5 मिमी बारिश हुई है। ऐसे में कभी झमाझम तो कभी रिमझिम बारिश से लोगों को गर्मी से निजात मिली है। हालांकि बारिश के बाद शहर में तमाम स्थानों पर गंदगी के ढेर और कीचड़ का नजारा दिख रहा है। कई स्थानों पर जल भराव के बाद सड़क टूट गई या सड़कों में बड़े-बड़े गड्ढे नजर आ रहे हैं। इनमें पानी और कीचड़ भरने के बाद आने जाने वालों की मुसीबत बढ़ रही है। बारिश का यह मौसम निचले इलाकों में रहने वालों के लिए बड़ी मुसीबत बना हुआ है। किसानों के लिए भी बारिश किसी वरदान से कम साबित नहीं हो रही। धान की पौध लगाने के साथ-साथ खेतों में खड़ी गन्ने की फसल को भी होगा। बारिश से बागवानी को भी लाभ पहुंचेगा। मानसून के रफ्तार पकड़ने के कारण दिल्ली-एनसीआर में दो दिन से लगातार बादल छाए हुए हैं। मानसून के रफ्तार पकड़ने के कारण मौसम विभाग ने पंजाब, हरियाणा व दिल्ली में दो जुलाई तक हल्की से मध्यम स्तर की बारिश होने के आसार हैं। मौसम विभाग ने मंगलवार के लिए भी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया हुआ है। ऐसे में बारिश का दौर कई दिनों तक जारी रहने की संभावना है।

## प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी व मंत्री नितिन अग्रवाल 28 को आएंगे

मुजफ्फरनगर, 26 जून (एजेंसी)। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी तथा प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद 28 जून को जिले में 213 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। मोदी सरकार के नौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 28 जून को चरथावल के रामलीला मैदान पर जनसभा का आयोजन किया जाएगा। केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. संजीव बालियान ने बताया कि इस मौके पर राज्य सेतु निगम की 28 परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण होगा। इसके तहत मुजफ्फरनगर-चरथावल थानाभवन मार्ग को दस मीटर चौड़ा बनाया जाएगा। इससे तितावी, रोहाना और थानाभवन चीनी मिल में गन्ना सप्लाई करने वाले किसानों के अलावा 20 लाख की आबादी वाले क्षेत्र को लाभ होगा। जनपद में लोनिवि 14 कार्य पूरे कर चुका है, जिनकी लंबाई 39.35 किलोमीटर है, इन पर 52 करोड़ 12 लाख रुपये की लागत आई है। खतौली शुगर मिल और मंसूरपुर के ओवर ब्रिज पर 66 करोड़ 65 लाख खर्च हुआ है। इन कार्यों का लोकार्पण होगा। वहीं, काटका और मंदौड के बीच गंगनहर पर बनने वाले सेतु का शिलान्यास किया जाएगा। 52 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले चरथावल-थानाभवन मार्ग का शिलान्यासभी किया जाएगा।

## रूस में डेढ़ दिन चला विद्रोह खत्म; अब वैगनर समूह पर निगाह

नई दिल्ली, 26 जून (एजेंसी)। रूस में डेढ़ दिन चला विद्रोह खत्म हो गया है। यह बगावत रूस की निजी सेना वैगनर ने की थी। वैगनर समूह के प्रमुख येवगेनी प्रिगोझिन ने अपने सैनिकों को मॉस्को तक अपना मार्च रोकने और यूक्रेन में अपने फील्ड शिविरों में लौटने का आदेश दिया है। प्रिगोझिन बेलारूस के लिए रवाना होगा। क्रेमलिन ने कहा कि रक्तपात, आंतरिक टकराव और अप्रत्याशित परिणामों वाले संघर्ष से बचना सबसे बड़ा लक्ष्य था।

हालांकि, इस विद्रोह ने रूसी राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन के ताकतवर व अजेय होने के मिथक को तोड़ दिया है। इसके साथ ही इसने यूक्रेन में जंग छेड़ने की उनकी क्षमता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ऐसे में जानना जरूरी है कि रूस में आखिर क्या हुआ? विद्रोह कैसे शुरू हुआ? पुतिन ने कैसे जवाब दिया? वैगनर के पास अब क्या विकल्प हैं? क्या विद्रोह का यूक्रेन युद्ध पर असर पड़ सकता है? रूस की निजी सेना वैगनर समूह के मुखिया प्रिगोझिन ने शुक्रवार देर रात से शनिवार तक कई संदेश जारी किए। इसमें प्रिगोझिन ने दावा किया कि वह और उसके सैनिक दक्षिणी रूसी शहर रोस्तोव में प्रवेश कर गए हैं और सैन्य स्थलों पर नियंत्रण कर लिया है। इसके बाद निजी सेना ने मॉस्को पर मार्च करने की धमकी दी थी, लेकिन फिर प्रिगोझिन ने अचानक अपने कदम वापस खींचने का एलान कर दिया। दरअसल, कई महीनों से रूसी सेना के शीर्ष अधिकारियों और प्रिगोझिन के बीच सत्ता संघर्ष चल रहा है। प्रिगोझिन पूर्वी यूक्रेन में अपने सैनिकों की मौत के लिए रूसी सेना को जिम्मेदार ठहरा रहे है। उसने बार-बार उन पर अपनी निजी सेना को पर्याप्त रूप से सुसज्जित करने में विफल रहने और वैगनर द्वारा जीती गई जीतों को अपनी सफलता का दावा करने का आरोप लगाया है। शुक्रवार को प्रिगोझिन का गुस्सा खुलकर सामने आया, जब उसने मॉस्को के सैन्य नेतृत्व पर वैगनर शिविरों पर हमले का आदेश देने का आरोप लगाया। वैगनर मुखिया ने कहा कि उन्हें रोकना होगा और अंजाम तक पहुंचाने की धमकी दी। बाद में उसने दावा किया कि उनकी सेना ने एक रूसी सैन्य हेलीकॉप्टर को मार गिराया है। कुछ घंटों बाद प्रिगोझिन ने कहा कि दक्षिणी रूस के रोस्तोव में उनके सैन्य स्थल कब्जे में हैं। कथित तौर पर निजी सैन्य बल राजधानी मॉस्को से लगभग 420 किलोमीटर दूर लिपेत्स्क क्षेत्र तक आगे आ गए, लेकिन अचानक प्रिगोझिन ने घोषणा की कि रक्तपात से बचने के लिए उसके सैनिक वापस लौट रहे हैं। उसके लड़ाके भी रोस्तोव से हटने लगे।

# खंबे में उतरे करंट ने ले ली कुत्ते की जान

खतौली, 26 जून (बु.)। सोमवार को हुई बारिश के चलते खंबे में करंट उतर गया। करंट की चपेट में आकर कुत्ते की मौत हो गई। कुत्ते की जान जाने से अंजाने में कई लोगों की जिंदगी जाने से बच गई। कांवड़ यात्रा के दौरान अगर यह हादसा हो जाता तो निश्चित रूप से किसी कांवड़िये की जान जा सकती थी। कुत्ते की मौत को लेकर लोगों में रोष व्याप्त है। जानकारी के अनुसार शहर के जीटी रोड पर इंदिरा मूर्ति के निकट स्थित शिवलोक मार्केट में खड़े बिजली के खंभे में करंट उतर आया था। लोगों को इस बात की जरा भी जानकारी नहीं थी। इसी दौरान सड़क पर घूमता हुआ कुत्ता खंबे के करीब पहुंच गया और वह उससे छू गया। बिजली के खंभे में उतरे करंट ने कुत्ते को अपने से चिपका लिया। जब तक आसपास के लोग लाठी-डंडे लेकर कुत्ते को छुड़ाने के लिए मौके पर पहुंचते उससे पहले ही करंट की चपेट में आए कुत्ते की मौत हो चुकी थी। कुत्ते की मौत को लेकर लोगों में वैसे तो रोष व्याप्त है, लेकिन कुत्ते ने अपनी जान देकर कई लोगों की जिंदगी को अंजाने में ही बचा लिया, क्योंकि खंबे में उतरे करंट की मार्केट में दुकान करने और वहां पर खरीदारी के लिए आने वाले लोगों को जानकारी नहीं थी। कुत्ते की करंट से जान जाने के बाद उन्हें पता चला कि खंभे में करंट उतरा हुआ है। कुत्ते की मौत के बाद सचेत हुए लोगों ने खंबे के आसपास बेंच आदि रखकर अनजाने में उसके पास तक पहुंचने से लोगों को रोका। बाद में इस मामले की बिजली विभाग को जानकारी देकर खंभे में उतरे करंट को खत्म कराया गया। उल्लेखनीय है कि आगामी चार जुलाई से श्रावण मास की कांवड यात्रा शुरू होने जा रही है। वैसे तो कागजी तौर पर बिजली विभाग और प्रशासन कांवड़ यात्रा की तैयारियों में लगा हुआ है, परंतु जिस तरह से आज बिजली के खंभे में उतरे करंट की चपेट में आकर कुत्ते की मौत हुई है। उससे पता चलता है कि बिजली विभाग फिलहाल कागजी घोडे ही दौड़ा रहा है। अगर यह हादसा कांवड़ यात्रा के दौरान होता, तो निश्चित रूप से किसी शिव भक्त कांवड़िये की जान जा सकती थी, क्योंकि जिस स्थान पर यह हादसा हुआ है, उस स्थान पर कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़ियों की सेवा के लिये शिविर लगाया जाता है और इस शिविर में हर समय सैकड़ों कांवडियों और उनकी सेवा करने वालों का जमावड़ा लगा रहता है।

## देश के पहले सेमीकंडक्टर चिप का उत्पादन 18 महीने में

नई दिल्ली, 26 जून (एजेंसी)। केंद्रीय रेल, इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी और दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अमेरिकी कंपनी माइक्रॉन टेक्नोलॉजी गुजरात में अपनी सेमीकंडक्टर सुविधा स्थापित करेगी। वैष्णव ने कहा कि संयंत्र से पहली मेड-इन-इंडिया सेमीकंडक्टर चिप का उत्पादन 18 महीनों में यानी दिसंबर 2024 में किया जाएगा। वैष्णव ने कहा कि गुजरात में माइक्रॉन टेक्नोलॉजी की ओर से स्थापित संयंत्र अत्याधुनिक होगा और भारत में सेमीकंडक्टर निर्माण के लिए पारिस्थितिकी तंत्र के विस्तार में योगदान देगा। उन्होंने कहा कि माइक्रॉन दुनिया भर में मोबाइल, लैपटॉप, सर्वर, रक्षा उपकरण, कैमरा, इलेक्ट्रिक वाहन, ट्रेन, कार और दूरसंचार उपकरणों में उपयोग में होने वाले सेमीकंडक्टर का निर्माण करने वाली पांचवीं सबसे बड़ी कंपनी है। वैष्णव ने आगे कहा कि देश ने पिछले चार दशकों में सेमीकंडक्टर तकनीक विकसित करने का प्रयास किया है। इससे करीब दो दिन पहले सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा था कि माइक्रॉन द्वारा भारत में संयंत्र स्थापित करने के लिए ताजा निवेश प्रस्ताव से भारत में सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र को प्रोत्साहन मिलेगा। चंद्रशेखर ने कहा कि इससे 5,000 प्रत्यक्ष नौकरियां और 500 नई हाई-एंड इंजीनियरिंग नौकरियां पैदा होंगी। उन्होंने कहा, "पिछले 18 महीनों में, भारत ने सेमीकंडक्टर उद्योग में काफी प्रगति की है। अमेरिकी कंपनियों की घोषणाओं से भारत में स्टार्टअप को बढ़ावा देने में भी मदद मिलेगी।" बता दें कि भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी राजकीय अमेरिका यात्रा के दौरान माइक्रॉन टेक्नोलॉजी के सीईओ संजय मेहरोत्रा से मुलाकात की थी और उन्हें भारत में सेमीकंडक्टर विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए आमंत्रित किया था। जिसके कुछ घंटों बाद माइक्रॉन ने 82.5 करोड़ डॉलर के निवेश के साथ गुजरात में एक नई असेंबली और परीक्षण सुविधा बनाने की अपनी योजना की घोषणा की। इस सुविधा का उद्देश्य घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों की जरूरतों को पूरा करना है। माइक्रॉन ने कहा कि नई असेंबली और परीक्षण सुविधा का निर्माण 2023 में चरणों में शुरू होने की संभावना है। 5,00,000 वर्ग फुट जगह के साथ परियोजना का पहला चरण 2024 के अंत में चालू हो जाएगा। कंपनी ने कहा कि उसे भारत सरकार से कुल परियोजना लागत के लिए 50 प्रतिशत राजकोषीय सहायता और गुजरात सरकार से कुल परियोजना लागत का 20 प्रतिशत प्रोत्साहन मिलेगा। माइक्रॉन ने आगे कहा कि दोनों चरणों में कंपनी और दो सरकारी संस्थाओं की ओर से कुल संयुक्त निवेश कुल 2.75 बिलियन डॉलर होगा।

## मंदिरों में अमर्यादित वस्त्रों में नहीं मिलेगी एंट्री

मेरठ, 26 जून (एजेंसी)। अखाड़ा परिषद की देवालय, शिवालय, देवी शक्तिपीठों में अभद्र वस्त्र पहनकर न आने की अपील के बाद पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में मंदिरों में ड्रेस कोड शुरू करने की कवायद जारी है। यहां मेरठ मुजफ्फरनगर और शामली समेत अब तक कई जिलों के हिंदू धार्मिक स्थलों पर अमर्यादित वस्त्र न पहन कर आने की अपील की गई है। एक तरफ मंदिर समीतियां इसे विनम्र आग्रह के तौर पर श्रद्धालुओं से अनुसरण करने की लगातार अपील कर रही हैं तो वहीं श्रद्धालुओं ने भी इसे सही बताया है। अब हाल ही में मेरठ के औघड़नाथ मंदिर में भी ऐसे ही आग्रह का बोर्ड लगाया गया है। आगे पढ़ें आखिर वेस्ट यूपी के किन मंदिरों में आप हाफ पेंट, बरमुडा, मिनी स्कर्ट, नाइट सूट, कटी-फटी जींस व वनपीस जैसे वस्त्र पहनकर प्रवेश करना आपको मुसीबत में डाल सकता है। अखाड़ा परिषद की देवालय, शिवालय, देवी शक्तिपीठों में अभद्र वस्त्र पहनकर न आने की अपील के बाद मेरठ में भी मंदिरों में भी मंदिर समितियों के द्वारा मंदिरों में होर्डिंग और बैनर लगाकर मर्यादित वस्त्र पहनकर आने का आग्रह किया जा रहा है। मेरठ वेस्ट एंड रोड पर स्थित बालाजी एवं शनि शक्तिपीठ मंदिर में बोर्ड लगाया गया है। इसमें अनुरोध किया है कृपया मर्यादित वस्त्र पहनकर ही मंदिर में प्रवेश करें। अखिल भारतीय श्री पंच निमोही अखाड़ा के महामंडलेश्वर महेंद्र दास जी महाराज ने बताया कि अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्रपुरी जी द्वारा मंदिरों में प्रवेश के लिए मर्यादित वस्त्र पहनकर आने की आपील की गई है। हरिद्वार स्थित दक्ष मंदिर, टंपकेश्वर महादेव मंदिर देहरादून, नीलकंठ मंदिर ऋषिकेश, हनुमान मंदिर गाजियाबाद में भी होर्डिंग लगा दिए गए हैं।

## पुलिस वाले ने पीड़ित महिला से की रात गुजारने की मांग, महिला ने पुलिसकर्मी के खिलाफ दी पुलिस को तहरीर

खतौली, 26 जून (बु.)। नगर की एक महिला ने पुलिसकर्मी पर छेड़छाड़ करने के गंभीर आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित महिला तहरीर लेकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। महिला के विरोध करने पर उक्त पुलिसकर्मी अपना फोन छोड़कर फरार हो गया था। महिला ने उसका फोन पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

जानकारी के अनुसार खतौली कस्बे की एक महिला ने एक व्यक्ति के खिलाफ तहरीर देते हुए उस पर उसके साथ छेड़छाड़ करने के गंभीर आरोप लगाए। महिला ने जानकारी देते हुए बताया उक्त व्यक्ति ने अपने को पुलिसकर्मी बताया और उसके बेटे को जेल से छुड़वाने की बात कहते हुए उक्त पुलिसकर्मी ने उसके साथ



जबरन छेड़छाड़ करने लगा। उसके विरोध करने पर उसने उसे झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। यही नहीं महिला ने बताया कि पुलिसकर्मी ने महिला के साथ जबरदस्ती करते हुए उससे एक रात मांगी। इतना सुनते ही महिला का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया और महिला ने शोर मचाकर अपने पड़ौसियों को घटना की सूचना दी। महिला के शोर मचाने पर उक्त पुलिसकर्मी मौके से भाग खड़ा हुआ, लेकिन आनन फानन में वह महिला के पास अपना मोबाइल फोन कर छोड़ गया। पीड़ित महिला ने कोतवाली पर पहुंच उसके खिलाफ तहरीर देते हुए कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। साथ ही महिला ने पुलिसकर्मी का फोन भी पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने महिला की तहरीर लेकर मामले की जांच पड़ताल कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

## प्राइमरी स्कूल के 16 हजार शिक्षकों के तबादले

लखनऊ, 26 जून (एजेंसी)। बेसिक के विद्यालयों में तैनात 45,914 शिक्षकों ने इसके लिए आवेदन किए थे। इनके आवेदन पत्रों व लगाए गए दस्तावेज की कड़ी जांच के बाच सोमवार शाम फाइनल तबादला सूची जारी की गई। इसके अनुसार 12,267 महिलाओं व 4347 पुरुष शिक्षकों को तबादला मिला है। इसमें असाध्य व गंभीर रोगी 1141, दिव्यांग 1122 व एक अभिभावक 393 शिक्षक शामिल हैं। विभाग ने इससे पहले 2019-20 में शिक्षकों के तबादले किए थे। उस समय 26,563 शिक्षकों को इसका लाभ मिला था। बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव प्रताप सिंह बघेल ने कहा कि तबादले के लिए भारांक के लिए गलत कागज लगाने वाले शिक्षकों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी और उनका तबादला निरस्त माना जाएगा। उन्होंने 24 दिन के अंदर तबादला कार्यवाही पूरी करने के लिए विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों को बधाई दी है।

# नाती की लाश के साथ नौ दिन रही नानी

लखनऊ, 26 जून (एजेंसी)। जिले के हजाराबाग मोहारीपुरवा मोहल्ले में एक अजीब मामला सामने आया। यहां के एक घर में एक 65 साल की एक वृद्धा मिथिलेश कुमारी उर्फ रानी अपने 17 साल के नाती के साथ रह रही थी। पिछले कुछ दिनों से मोहल्ले के लोगों को उस घर के बाहर से तेज दुर्गंध आनी शुरू हुई। बाद में जबरन गेट खोले गए तो पूरा इलाका दुर्गंध से भर गया। दरवाजे के सामने ही एक लाश चादर ओढ़ी लेटी थी। उसी के बगल में एक बिस्तर और लगा था। वह नानी का बिस्तर था। वह नानी बीते कई दिनों से उस नाती की लाश के साथ रह रही थीं। जब पुलिस ने उसके साथ पूछतांछ करनी शुरू की तो उसके जवाब सामान्य नहीं थे। पास-पड़ोस में बात करने पर पता चला कि उस महिला का बर्ताव असामान्य रहा है। उसको मोहल्ले में कभी किसी और के साथ बात करते नहीं देखा गया है। वह हमेशा अपने नाती के साथ ही दिखी है। विक्षिप्त अवस्था में दिख रहीं मिथिलेश जब पुलिस को मौत के कारणों के बारे में कोई जानकारी नहीं दे सकीं तो पडोसियों की सहायता से उनकी बड़ी पुत्री ममता जिनकी शादी लखीमपुर खीरी में हुई थी बुलाया गया। उन्होंने ही मिथिलेश कुमारी और उस युवक के बारे में जानकारी दी। प्रियांशु की मौत कैसे हुई, इस बारे में अभी साफ नहीं हुआ है। लाश इतनी सड़ और गल चुकी थी कि पोस्टमार्टम में इस बात का पता नहीं लग सका कि मौत होने की वजह क्या थी। जैसे 17 साल के प्रियांशु की मौत रहस्यमयी है वैसे इस परिवार में कुछ और मौतें हैं जो रहस्यमयी हैं। 65 साल की उन वृद्धा की दो शादियां हुई हैं। पहली शादी से उन्हें दो लड़के और दो लड़कियां हुईं। पहले पति की मौत हुई। बाद में एक बेटी और दामाद की। बेटी दामाद के मरने के बाद उनका यह बच्चा नानी के साथ आकर रहने लगा। बेटी और दामाद की मृत्यु के बाद उनके दो बेटे एक के बाद एक लापता हो गए। दीपू और अरुण नाम के दोनों बेटे विवाहित थे। वह घर से निकले और कभी भी लौटकर नहीं आए। चार में से तीन संतानों के निधन के बाद मिथिलेश उर्फ रानी देवी नाम की यह वृद्धा बदहवास सी रहने लगीं। अभी उनकी सिर्फ एक ही बेटी ममता जीवित है। बकौल ममता रानी देवी का पहला विवाह महेंद्र मोहन अग्निहोत्री से हुआ था। जिनसे दो पुत्री ममता, रजनी और दो पुत्र दीपू एवं अरुण थे। रजनी व उसके पति राजीव के निधन के बाद उनका पुत्र प्रियांशु अपनी नानी के पास रह रहा था। ममता ने बताया कि बीते दस वर्षों के दौरान रानी देवी के पुत्र दीपू बरेली से और अरुण बाराबंकी से संदिग्ध हालातों में लापता हो गए थे। वह दोनों विवाहित थे। उनकी पत्नियों ने कुछ समय तक तो उनका इंतजार किया। बाद में वह इस घर को छोड़कर अपने-अपने मायके चली गईं। अपने पहले पति के मरने के बाद रानी देवी ने दूसरा विवाह संत नारायण वर्मा से किया। वह आरपीएफ में थे। उनसे और रानी से कोई संतान नहीं हुई। दूसरे पति के मरने के बाद उनकी पेंशन से रानी देवी का गुजारा चलता रहा। रानी के साथ ही उनका नाती रह रहा था।

### करंट की चपेट में आकर झुलसा

मुजफ्फरनगर, 26 जून (बु.)। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव बहेड़ी निवासी गुफरान शेरपुर गांव के जंगल में विद्युत करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल लाया गया, जहां उसकी नाजुक हालत के चलते उसे रैफर कर दिया गया।

## यूट्यूबर कॉमेडियन देवराज का सड़क हादसे में निधन : मौत से पहले बनाया ये वीडियो

रायपुर, 26 जून (एजेंसी)। छत्तीसगढ़ के फेमस यूट्यूबर कॉमेडियन देवराज पटेल का आज लाभांडी के पास सड़क हादसे में निधन हो गया। अनियंत्रित तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में यूट्यूबर देवराज पटेल की मौके पर ही मौत हो गई। घटना रायपुर के तेलीबांधा थाना क्षेत्र की है। कुछ दिनों पहले ही महासमुंद जिले के रहने वाले यूट्यूबर देवराज पटेल ने सीएम भूपेश बघेल से मुलाकात के दौरान एक वीडियो भी बनाया था, यह वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ था. वायरल वीडियो में देवराज कहते हैं कि छत्तीसगढ़ में दो ही लोग फेमस हैं, एक मैं और एक मोर काका. इसके बाद सीएम अपनी हंसी नहीं रोक पाए थे। 'दिल से बुरा लगता है' से करोड़ों लोगों के बीच अपनी जगह बनाने वाले, हम सबको हंसाने वाले देवराज पटेल आज हमारे बीच से चले गए. इस बाल उम्र में अद्भुत प्रतिभा की क्षति बहुत दुखदायी है.

## ईद-उल-अजहा की नमाज के वक्त का ऐलान

**मुजफ्फरनगर। शहर काजी तनवीर आलम ने ईद-उल-अजहा की नमाज के समय का ऐलान करते हुए बताया कि मुजफ्फरनगर मैं सवेरे 6:30 पर ईदगाह में नमाज होगी। मस्जिद फक्करशाह खालापार मैं सवेरे 6:45 पर, मस्जिद हौज वाली खालापार में 6:45 बजे, मस्जिद पीर वाली मल्लूपुरा में 6:45 बजे, मस्जिद लियाकत पुरा चौड़ी गली लद्धावाला में 6:45 बजे, मस्जिद होज वाली सरवट गेट मैं सवेरे 6:45 बजे, मेरठ रोड विकास भवन नुमाइश कैंप के सामने मस्जिद में सवेरे 7:00 बजे और मस्जिद मोहम्मदी पूजाये वाली मैं सवेरे 7:00 बजे ईद उल अजहा की नमाज अदा की जाएगी। शहर काजी ने ईद उल अजहा को बहुत ही शांति पूर्वक सौहार्दपूर्वक मनाने की मुस्लिम भाइयों से अपील करते हुए कुर्बानी पर खास ध्यान रखने को कहा ताकि किसी को इस पर ऐतराज ना हो।**

## बृजभूषण के खिलाफ आंदोलन खत्म करने का ऐलान

**पानीपत। पानीपत भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण सिंह के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे पहलवानों ने आंदोलन खत्म कर दिया है। महिला पहलवान साक्षी मालिक, विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया ने रविवार देर रात ऐलान किया। इनका कहना है कि अब अपनी लड़ाई सड़क पर नहीं, अदालत में लड़ी जाएगी। ये तब तक जारी रहेगी, जब तक न्याय नहीं मिल जाता। साक्षी ने लिखा, सरकार के साथ 7 जून को बातचीत हुई। सरकार ने पहलवानों के साथ किए वादे पर अमल करते हुए महिला कुश्ती खिलाड़ियों की और से महिला उत्पीड़न और यौन शोषण के संबंध में की गई शिकायतों पर रिपोर्ट दर्ज की। दिल्ली पुलिस ने जांच पूरी करके 15 जून को कोर्ट में चार्जशीट पेश कर दी है। इस केस में पहलवानों की कानूनी लड़ाई सड़क की जगह कोर्ट में जारी रहेगी। कुश्ती संघ के सुधार के संबंध में नई कुश्ती संघ के चुनाव की प्रक्रिया वादे के अनुसार शुरू हो गई है। चुनाव 11 जुलाई को होना तय है। सरकार ने जो वादे किए हैं, उस पर अमल होने का इंतजार रहेगा।**

## आदिपुरुष के निर्माता को हाईकोर्ट की फटकार

लखनऊ। फिल्म आदिपुरुष में श्रीराम कथा को बदलकर निम्नस्तरीय दिखाने के आरोपों के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने सख्त रुख अपनाया है। सुनवाई के दौरान सोमवार को कोर्ट ने पूछा फिल्म सेंसर बोर्ड क्या दिखाना चाहता है? क्या वह अपनी जिम्मेदारियों को नहीं समझता है? कोर्ट ने फिल्म निमार्ताओं से कहा कि सिर्फ रामायण ही नहीं बल्कि पवित्र कुरान, गुरु ग्रंथ साहिब और गीता जैसे धार्मिक ग्रंथों को तो कम से कम बख्श दीजिए। बाकी जो करते हैं, वो तो कर ही रहे हैं। कोर्ट ने फिल्म के निमार्ता, निर्देशक सहित अन्य प्रतिवादियों की कोर्ट में अनुपस्थिति पर भी कड़ा रुख अपनाया और सेंसर बोर्ड से मंगलवार को मामले में जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान और न्यायमूर्ति श्रीप्रकाश सिंह की ग्रीष्मावकाश खंडपीठ ने यह आदेश एक जनहित याचिका पर दिया। याची ने फिल्म में रावण द्वारा चमगादड़ को मांस खिलाने, काले रंग की लंका, चमगादड़ को रावण का वाहन बताने, सुषेन वैद्य की जगह विभीषण की पत्नी को लक्ष्मण को संजीवनी बूटी देने, आपत्तिजनक संवाद व अन्य तथ्यों को कोर्ट में रखा है।

## भूमिया माता का चढ़ावा उठाने को लेकर युवक का सिर फोड़ा

भोपा, 26 जून (बु.)। भूमिया माता की पूजा के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाए गये चढ़ावे को लेकर वाल्मीकि समाज के दो पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गयी, जिसमें आरोपियों ने एक युवक व उसकी माता पर हमला कर दिया। घायल युवक को भोपा सीएचसी पर उपचार के लिये लाया गया। पीड़ित ने तीन आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की माँग की है।

भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी में मोहल्ला सेठपुरी निवासी सुनील कुमार ने तहरीर देकर बताया कि सोमवार को कस्बे के आधा गाँव मोहल्ले में भूमिया माता का पूजन हो रहा था, जहाँ श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ावा चढ़ाया जा रहा था। जिन किसानों के वह कार्य करते हैं, उनका चढ़ावा वह उठा रहे थे। कि मोहल्ले के ही दो युवक व उनकी माता ने भी उनके किसानों का चढ़ावा उठाना शुरू कर दिया जिसका सुनील ने विरोध किया, तभी महिला व दो युवकों ने उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट शुरू दी। सुनील को बचाने के लिये उसकी माता उषा भी वहाँ पहुँची, तो आरोपियों ने दोनों के साथ मारपीट की आरोपियों ने हमला करते हुए सुनील पर ईंट आदि से वार कर उसे लहूलुहान कर दिया। सुनील ने डायल 112 पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुँची पुलिस ने घटना की जानकारी की। घायल सुनील को उपचार के लिये भोपा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर लाया गया। सुनील ने एक महिला सहित दो अन्यों को आरोपित करते हुए कार्रवाई की माँग की है।

## शहर से दो बाइक चोरी

**मुजफ्फरनगर, 26 जून (बु.)। शहर क्षेत्र में वाहन चोरों का आतंक एक बार फिर फैलने लगा है। वाहन चोर दो सिविल लाइन क्षेत्र से दो बाइक चोरी कर ले गए। दोनों मामलों की रिपोर्ट पुलिस में दर्ज कराई गई है। दक्षिणी खालापार निवासी अकरम पुत्र लियाकत ने सिविल लाइन थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया कि अज्ञात बदमाश महावीर चौक से उसकी बाइक चोरी कर ले रहे हैं। इसके अलावा मौहल्ला हाजीपुरा निवासी शानू पुत्र मौहम्मद शरीफ ने पुलिस में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया कि अज्ञात बदमाश उसकी बाइक चोरी कर ले गए हैं। पुलिस ने दोनों मामलों की रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।**

# चोरी हुई मोटरसाइकिल को किसानों ने किया बरामद

भोपा, 26 जून (बु.)। दो दिन पूर्व चोरी हुई मोटरसाइकिल को किसानों ने गन्ने के खेत से बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। ग्रामीणों ने कस्बे में बढ़ती मोटरसाइकिल व साइकिल चोरी की घटनाओं को रोकने की मांग प्रशासन से की है।

भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी के मौहल्ला काजियान से शनिवार की सुबह दो मोटरसाइकिल चोरी हो गई थी, जिसमें से एक मोटरसाइकिल के पहिए में पंक्चर हो जाने के कारण चोर रास्ते में उसे छोड़ गये थे। दूसरी मोटरसाइकिल की चोरी की सूचना शाहजेब ने डायल 112 पुलिस को दी थी। ग्रामीण सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए मोटरसाइकिल की तलाश में जुटे हुए थे। सोमवार को वार्ड सभासद पति अंकुर को सूचना मिली कि भोकरहेड़ी-अथाई मार्ग पर एक मोटरसाइकिल गन्ने के खेत में पड़ी है। मोटरसाइकिल की शिनाख्त की गई तो मोटरसाइकिल शाहजेब की पाई गयी। मौके पर किसानों की भीड़ इकट्ठा हो गई। मोटरसाइकिल मिलने पर पीड़ित शाहजेब ने प्रसन्नता जताई है, वहीं ग्रामीणों ने कस्बे में बढ़ती बाइक व साइकिल चोरी की घटनाओं को रोकने की मांग की है। ज्ञात रहे कि मौहल्ला सेठपुरी से पिछले एक सप्ताह में आधा दर्जन साइकिल चोरी की होने की बात ग्रामीणों ने बताई है। रविवार की रात्रि मौहल्ला काजियान से भी मौ. शफी की साइकिल चोरी हो गई है।

